
दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95



# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-33 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 11 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## एसयूवी में सवार होकर मुंडन में जा रहे थे 22 लोग, रास्ते में 8 को यूं खींच ले गई मौत



सीधी (ए.)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 लोगों की जान चली गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भीषण दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपनी गांव के पास हुई। हादसा देर रात करीब 2:30 बजे हुआ, जब एक एसयूवी, जिसे स्थानीय तौर पर तूफान गाड़ी कहा जाता है, एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई। एसयूवी में सवार 22 लोग मटिहनी गांव से एक बच्चे का मुंडन कराने के लिए मैहर जा रहे थे। इस हृदयविदारक दुर्घटना में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें 7 ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्राण त्याग दिए। दुर्घटना में 14 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग साहू परिवार के सदस्य हैं, जो देवरी और पंडरिया, बहरी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तूफान वाहन में कुल 22 लोग सवार थे, जो मटिहानी से मुंडन के लिए निकले थे। इस दुखद घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है।घटना की जानकारी मिलते ही सीधी कोतवाली पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मुख्यमंत्री डा. यादव ने किया दुख व्यक्त

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधी सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है।

### अलीगढ़ में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

अलीगढ़ (आरएनएस)। देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। यह सभी लंबे समय से अलीगढ़ जिले में थाना टप्पल क्षेत्र के अंतर्गत जट्टारी कस्बे में अवैध रूप से रह रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना टप्पल पुलिस ने कार्रवाई की और एक महिला समेत चार अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



मथुरा के नंदगांव में रंगोत्सव 2025 के दौरान लट्ठमार होली मनाते हुए भक्त गुलाल (रंग पाउडर) से खेलते हुए।

### संसद में उठा वोटर लिस्ट का मामला, राहुल गांधी बोले- देश भर में उठ रहे सवाल, चर्चा करानी होगी



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर चर्चा की मांग। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस मसले पर चर्चा करने की जरूरत है। कई और सदस्यों ने भी जब ऐसी ही मांग उठाई थी तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चुटकी लेने के अंदाज में कहा था कि क्या वोटर लिस्ट सरकार बनाती है। यदि सरकार नहीं बनाती तो फिर यहां चर्चा करने की क्या जरूरत है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम आपकी इस दलील को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूची पर चर्चा की मांग कर रहा है।राहुल गांधी ने कहा कि मतदाता सूची को पूरे देश में सवालों के घेरे में रखा जा रहा है। हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में इस पर सवाल उठाए हैं, जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है।

## प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन से होगी रोजगार में वृद्धि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

***माधव, कूनो और घड़ियाल अभ्यारण्य से चंबल क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे***
***शिवपुरी में प्रदेश के 9वें माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ***

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।




### चंबल में वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत नजारा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बडी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं।

यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।

## झारखंड के गढ़वा में पटाखा दुकान में आग लगने से दो बच्चों सहित पांच की मौत

गढ़वा (आरएनएस)। झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत गोदारमाना बाजार में सोमवार दिन में करीब 11.30 बजे एक पटाखा दुकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दुकान संचालक कुश कुमार गुप्ता, अजित कुमार केसरी, सुशीला केरकेट्टा, आयुष कुमार केसरी और पीयूष कुमार केसरी शामिल हैं।बताया गया कि कुश कुमार गुप्ता बाजार में किराना और पटाखे की दुकान चलाते थे। इस दुकान के पीछे दो गोदाम भी हैं। अचानक पटाखे में आग लगी तो दुकान का शटर बंद हो गया और वहां मौजूद लोगों को भागने का मौका नहीं मिला।विस्फोट की आवाज सुनकर लोग दौड़े। बाल्टियों और टैंकरों से पानी फेंकने से किसी तरह आग की लपटें कम हुई तो लोगों ने दीवार काटकर दुकान के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला। उन सभी की मौत दम घुटने से हो गई थी। हालांकि, सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



### काशी में जलती चिताओं की राख से खेली गई होली, भगवान शिव और भूत प्रेत भी होते है शामिल

बनारस (आरएनएस)। वाराणसी में शिव नगरी काशी के हरिश्चंद्र घाट पर चिता की राख से होली खेली गई। जहां साधु संतों के साथ दुनियाभर के लोग इस त्यौहार का आनंद लेने के लिए काशी पहुंचे हुए है। मान्यता है कि भगवान शिव भक्तों के साथ यहां होली खेलते हैं। मसाने की होली को देखने के लिए 20 देशों से 5 लाख टूरिस्ट भी पहुंचे है। घोड़े और रथ पर सवार होकर संत, नागा संन्यासी 2 किमी दूर हरिश्चंद्र घाट पहुंचे। 2 किमी की यात्रा में जगह-जगह कलाकारों ने शिव तांडव किया। इसी के साथ बनारस में एकादशी यानी रंगभरी एकादशी से ही यह उत्सव शुरू हो जाता है।

बनारस का मणिकर्णिका घाट दुनिया के सबसे बड़े श्मशान घाट में से एक है, मान्यता है कि यहां लगातार शव आते रहते हैं, जिससे चिता की अग्नि ठंडी भी नहीं होती और दाह संस्कार के लिए कोई शव पहुंच जाता है।

## भारतीय टीम की जीत के जश्न के दौरान बवाल, मस्जिद के सामने दो गुट भिड़े, आगजनी और पथराव; 4 घायल

इंदौर(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया, जिसका जश्न देशभर में मनाया गया। हालांकि, मध्य प्रदेश के इंदौर में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के दौरान हिंसा एक मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद लोगों पर पथराव किया गया और गाड़ियों तथा दुकानों को आग लगा दी गई।

मामला इंदौर के महू का है। बताया जा रहा है कि रविवार रात भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का जश्न मनाया जा रहा था। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ नमाजी मस्जिद से नमाज पढ़कर निकल रहे थे। इसी दौरान किसी शरारती तत्व ने उन पर पटाखा फेंक दिया, जिसके कारण विवाद बढ़ गया। उनका आरोप है कि पहले हिंदू पक्ष की तरफ से पथराव किया गया।स्थानीय निवासी मोहम्मद जावेद ने बताया कि जश्न के दौरान एक जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान किसी ने नमाजियों की तरफ एक सुतली बम फेंका, जिससे मामला बढ़ गया।



उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यहां से जुलूस क्यों निकाला गया और उन्हें जुलूस निकालने की इजाजत मिली थी या नहीं। जहां तक पथराव की बात की जाए तो यह घटना पुलिस की मौजूदगी में ही घटित हुई। दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस के सामने ही पथराव करना शुरू कर दिया।

वहीं, महू विधायक उषा ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मुझे महू की घटना देशविरोधी का परिचय दिखती है। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया जा रहा था, तभी अल्पसंख्यक समाज की बस्तियों से पथराव किया गया।

## राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बांगडे का बड़ा बयान , दुष्कर्मियों के लिए नपुंसक बनाने का कानून हो

भरतपुर ,(आरएनएस)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बांगडे ने दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून की वकालत की है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति महिला या बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता है, उसके खिलाफ ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए, जिससे उसे तुरंत पकड़कर नपुंसक बना दिया जाए।राज्यपाल भरतपुर के महात्मा गांधी पशु चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित जिला बार संघ के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। अपने संबोधन में उन्होंने महिला अत्याचार को लेकर समाज की मानसिकता पर सवाल उठाए और कहा कि जहां भी ऐसी घटनाएं होती हैं।

### तीसरी आंख




## गाजीपुर में युवक की गोली के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया : एडिशनल डीसीपी

गाजीपुर ,(आरएनएस)। दिल्ली में गाजीपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक 32 वर्षीय युवक रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गाजीपुर इलाके में भयंकर जाम के हालात हैं। इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा है। सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने नेशनल हाईवे-24 को जाम कर दिया, जिससे 4 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। स्थिति को संभालने के लिए पूर्वी दिल्ली के एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी ने परिवार वालों को समझाया कि जाम खोल दें, क्योंकि इसमें एंबुलेंस भी फंसी है और लोगों को दूर तक जाना है। हालांकि, परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तड़के चार बजे हमें एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी। मामले में कार्रवाई करते दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। जाम हटावाया जा रहा है। हमने मृतक के परिजनों को सुनिश्चित किया है आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कई टीमों आरोपियों की तलाश में लगी हैं।मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मेरे भाई रोहित की रात हत्या कर दी गई। यहां पर रोहिंग्या वसे हैं, जो दो नंबर का कारोबार करते हैं। मेरे भाई ने दो नंबर के धंधे को रोकने की कोशिश की थी, इसलिए उसकी हत्या कर दी गई। वीरेंद्र सिंह ने मांग की कि जो हत्यारे हैं उनका एनकाउंटर किया जाना चाहिए।

## देश की संसदों में गूंज रही है नर्मदांचल की आवाज, सांसद द्वय उठा रहे क्षेत्र की आवश्यक्ताओं से संबंधित मुद्दे

### राज्यसभा में सांसद नारोलिया ने उठाया मां नर्मदा के संरक्षण का मुद्दा, लोकसभा सांसद चौधरी ने फोरलेन की रखी मांग

नर्मदापुरम(बलराम शर्मा) । देश की दोनों संसद में नर्मदांचल की आवाज गूंज रही है। इस बात की खुशी पूरे नर्मदांचल में है। क्योंकि सांसद द्वय राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया और लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी निरंतर अपनी आवाज संसद में बुलंद कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र को भारत सरकार की सौगातें भी मिल रही हैं। क्षेत्र को ऐसे ही सांसदों की आवश्यकता है।राज्यसभा सांसद एवं मप्र भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने सोमवार को संसद में मां नर्मदा नदी के संरक्षण और संरक्षित करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने नर्मदा को जीवित इकाई घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि अत्यधिक रेत उत्खनन, वनों की कटाई पर चिंता जाहिर की है। वहीं लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सदन में टिमरनी नर्मदापुरम पिपरिया से करेली के लिए फोरलेन की मांग को प्राथमिकता से रखकर पूरे क्षेत्र के लिए सुगम मार्ग की जरूरत को रखा है। उन्होंने संसद में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस फोरलेन की है महती आवश्यकता है। नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सदन में टिमरनी नर्मदापुरम बाबई सोहागपुर पिपरिया गाडरवारा करेली फोर लाइन राष्ट्रीय मार्ग का आग्रह किया। सांसद चौधरी ने सदन में टिमरनी से करेली तक




स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे में परिवर्तित करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन किए जाने की मांग की। लोकसभा में सांसद ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में फोरलेन रोड की बहुत आवश्यकता है। उसमें टिमरनी से जो फोर लाइन गया है टिमरनी सिवनी मालवा नर्मदापुरम माखननगर सोहागपुर पिपरिया गाडरवारा करेली तक यह फोर लेन ले जाने से लगभग मेरे क्षेत्र की 21 लाख जनसंख्या को प्रत्यक्ष फायदा होगा। चूंकि फोर लाइन बनने से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, हमारे यहां खेती का स्ट्रक्चर बहुत बड़ा है। नर्मदा मैया का इलाका है। उन्होंने कहा है कि इस फोरलेन रोड में हमारे नर्मदापुरम नरसिंहपुर क्षेत्र की समृद्धि छुपी हुई है। आवागमन बहुत ही सुविधाजनक हो जाएगा। इसलिए इस फोर लाइन मार्ग को देकर क्षेत्र को अनुग्रहित करें।

### मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी को जीवित इकाई घोषित किया जाए- राज्यसभा सांसद

राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने दिल्ली में सदन के माध्यम से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने ध्यान आकर्षित करते हुए सदन में कहा कि नर्मदा नदी केवल एक जलधारा नहीं बल्कि मध्यप्रदेश और गुजरात के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा है। यह नदी प्रदेश के 16 जिलों से होकर बहती है और इसकी जलधारा पर लाखों किसान श्रद्धालु एवं स्थानीय समुदाय निर्भर हैं। मैं सरकार द्वारा नदियों की सफाई और संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करती हूँ। नमामि गंगे कार्यक्रम और विभिन्न राज्य स्तरीय नदी पुनर्जीवन पहल ने पर्यावरण संतुलन बहाल करने और स्वच्छ जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।हालाँकि मैं इस सदन का ध्यान मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। मध्य भारत की जीवनरेखा मानी जाने वाली यह नदी अत्यधिक रेत खनन वनों की कटाई और अनियंत्रित प्रदूषण के कारण संकट में है। राज्य सरकार द्वारा नर्मदा सेवा मिशन के तहत सराहनीय कदम उठाए गए हैं, लेकिन पर्यावरण कानूनों को सख्ती से लागू करने सतत जल प्रबंधन और जनसहभागिता को बढ़ावा देने की अत्यधिक आवश्यकता है।इसी तर्ज पर मैं सरकार से माँग करती हूँ कि मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी को जीवित इकाई घोषित किया जाए। जिससे इसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस कदम से नर्मदा का प्राकृतिक प्रवाह उसकी जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत को बचाने में मदद मिलेगी। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि वह इस पवित्र नदी को जीवित करने के लिए अधिक संसाधन आवंटित करे और एक समग्र पुनर्जीवन योजना लागू करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके।

K ✌ K

राजधानी समाचार







राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुआ म.प्र.विधानसभा का सत्र

# राज्यपाल श्री पटेल ने राज्य सरकार की नीति और नियत का रोड मैप किया है प्रस्तुत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*सबका साथ-सबका विकास और सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय को चरितार्थ करने वाला होगा प्रदेश का बजट*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में की मीडिया से चर्चा*




भोपाल (निप्र) राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा में अभिभाषण पर उनका आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यपाल श्री पटेल ने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप प्रस्तुत किया है। मंगलवार को विधानसभा में विस्तार से चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत को समर्थ, सक्षम बनाते हुए सबका साथ-सबका विकास और सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय के भाव को चरितार्थ करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई हमारी सरकार, इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सत्र में अगले वित्तीय वर्ष का बजट आने वाला है, यह बजट जन भावनाओं के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के साथ प्रदेश औद्योगीकरण तथा अन्य विकास गतिविधियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के नए टाइगर रिजर्व का शुभारंभ चंबल क्षेत्र में हो रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही केन- बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना से चंबल क्षेत्र के श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, सहित संपूर्ण बेल्ट में पानी की उपलब्धता रहेगी। इससे सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त आपूर्ति के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी जल उपलब्ध रहेगा, परिणामस्वरूप क्षेत्र में कृषि तथा औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

## आगामी त्यौहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। आगामी त्यौहार होलिका दहन, धुलेंडी, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, रमजान, ईद-उल-फित्तर आदि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई, जिसमें उक्त त्यौहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर त्यौहारों की तैयारियों, जुलूस मार्ग इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सभी त्यौहार शांतिपूर्ण रुप से एवं सौहार्दपूर्वक, भाई चारे की भावना से मनाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने एवं नगर रक्षा समिति, शांति समिति तथा गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित कर आवश्यक चर्चा करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पिंक थीम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

भोपाल(आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिखर शिक्षा समिति भोपाल द्वारा महिलाओं के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया , कार्यक्रम का संचालन समिति की अध्यक्ष श्रीमती रानी शर्मा द्वारा किया गया, कार्यक्रम संयोजन में समिति की सदस्य अंकिता चंद्रवंशी , श्रीमती अनुराधा गुप्ता एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा ।

## दिन में गर्मी, रातें सर्द, फिर छाएंगे बादल, क्या होगी बारिश ?

भोपाल (आरएनएस)। होली से पहले मध्य प्रदेश के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। सर्द हवाओं के चलते दिन में गर्मी तो रात में ठंडक का अहसास हो रहा है। आज सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों का मौसम शुष्क और साफ रहेगा। भोपाल में आसमान साफ रहेगा । न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।



एमपी मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में प्रदेश के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। होली के दिन भोपाल सहित एमपी के अधिकांश इलाकों में दिन का तापमान 35 से 36 डिग्री तो रात का तापमान 17-18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

एमपी मौसम विभाग का ताजा अपडेट

एमपी मौसम विभाग के मुताबिक, 15 मार्च से गर्मी का असर तेज होने लगेगा। भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग में न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री तक रहेगा।भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग में अधिकतम तापमान 31-34 डिग्री सेल्सियस रहेगा। पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में बादल छा सकते है लेकिन बारिश के आसार नहीं। मार्च अंत में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। होली के बाद कहीं कहीं बादल छा सकते है और बूंदाबांदी हो सकती है।रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा है।रतलाम में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान नर्मदापुरम जिले में 20.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज।नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस, भोपाल में 17.5, ग्वालियर में 13.3, इंदौर में 18, पचमढ़ी में 10.6, रतलाम में 16.6, उज्जैन में 14.5, जबलपुर में 12.8, मंडला में 13 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान तर्ज हुआ।

## प्रदेश में डॉक्टरों पर बढ़ते हमलों को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से हस्द्ध की तत्काल सक्त कार्यवाही की मांग

**-प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्यमंत्री को शिकायत कर हमीदिया हॉस्पिटल की सुरक्षा एजेंसी को ब्लेक लिस्ट करने मांग की**



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में डॉक्टरों पर हो रहे हमलों को लेकर हस्द्ध प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि कल देर रात राजधानी भोपाल के सब से बड़े शासकीय हॉस्पिटल हमीदिया में सेवा प्रदान कर रहे ड्यूटी डॉक्टरों एव नर्सिंग स्टाफ पर हुए हमले ने चिकित्सा समुदाय में भय और असुरक्षा की स्थिति पैदा कर दी है। इस घटना ने राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर किया है।

हस्द्ध प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि डॉक्टर समाज की सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं, लेकिन यदि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी, तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी। हमीदिया अस्पताल में कार्यरत सुरक्षा एजेंसी की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई है, क्योंकि हमले के दौरान सुरक्षा कर्मी निष्क्रिय बने रहे ।

1. गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की सुरक्षा एजेंसी को तत्काल हटाकर ब्लैकलिस्ट किया जाए।
2. सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए।
3. डॉक्टर एव मेडिकल स्टाफ पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए।
4. चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएं।

रवि परमार ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो हस्द्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगी उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि दिन रात सेवा दे रहे समस्त मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं।

## उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

भोपाल (निप्र)। उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परामार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक श्रीमती प्रियंका पैची, श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी एवं श्री राजेन्द्र भारती, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े उपस्थित थे।बैठक में महाविद्यालयों में छात्रों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, महाविद्यालयों में नये संकाय शुरू करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, जन-भागीदारी समितियों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के सुझाव विधायकों ने दिये।बैठक में शिक्षकों के प्रशिक्षण, पदोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थायीकरण, प्रौद्योगिकी उपयोग, स्थानांतरण प्रकिया, शिकायत निवारण समितियां और संसाधन बैंक बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूटा

## जीतू पटवारी समेत कई नेता गिरे, कई घायल



भोपाल (ए)। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन घेराव के इरादे से उतरी किसान कांग्रेस ने रंगमहल चौराहे पर अपना मंच सजाया। कांग्रेस किसान नेताओं का प्रदर्शन उस वक्त हादसे में बदल गया, जब अधिक भार के कारण मंच टूट गया। जीतू पटवारी, हरीश चौधरी समेत कई नेता नीचे गिर पड़े, जिससे राजीव सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं और महिलाओं को चोटें आईं। घायल नेताओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिलने पर निजी वाहनों का उपयोग किया गया।जानकारी के मुताबिक 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं। घायलों में मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान भी हैं। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह को पसलियों में लोहे की रॉड लगी है। राजीव सिंह, प्रवक्ता रोशनी यादव सिद्धांता अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। पूर्व विधायक रवि जोशी और शैलेंद्र पटेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। घटना की थोड़ी देर बाद ही किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता आगे बढ़े। पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को आगे बढने से रोक लिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद वे मंच टूटने से घायल हुए नेता और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि घायलों कि हालत अब ठीक है।

नहीं मिली एंबुलेंस

हादसे में कई कार्यकर्ताओं और महिलाओं को चोट आई है। घायल नेताओं को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली तो गाडियों से भेजा गया है। हादसे में राजीव सिंह को ज्यादा चोट आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें सुबह से ही मंच सजाने की तैयारी चल रही थी। विधानसभा घेराव को देखते हुए पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद थी। पुलिस ने रोशनपुरा चौराहे पर बैरिकेडिंग की हुई थी। वाटर कैनन, टियर स्मोक गैस और अन्य सुरक्षा संसाधनों के साथ पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

## आगामी त्यौहार होली एवं ईद के दौरान शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर नियंत्रण हेतु भोपाल पुलिस ने 17वी बार की प्रभावी कॉम्बिंग गश्त

**-कॉम्बिंग गश्त के दौरान महज 6 घंटे में 429 स्थाई, 378 गिरफ्तारी वारंटी एवं 236 जमानतीय वारंटी समेत कुल 1043 फरार बदमाशों को किया गिरफ्तार**

भोपाल(आरएनएस)। आगामी त्यौहार होली एवं ईद के दौरान शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी द्वारा कल दिनाँक 08-09/03/2025 की रात्री में कमिश्नर कार्यालय परिसर में सभी थानों का बल, रक्षित केंद्र का बल, कमिश्नर कार्यालय स्टॉफ को टीम वर्क में कार्य करने तथा संवेदनशीलता एवं विवेकपूर्ण तरीके से बदमाशों की धरपकड़ करने हेतु ब्रीफ कर टीम बनाकर क्षेत्रों में रवाना किया गया, उपरांत सभी जोन के पुलिस उपायुक्त श्री रियाज इक़बाल, पुलिस उपायुक्त श्री संजय अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त श्री जितेंद्र सिंह पवार एवं समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तथा उनकी टीम पूरी रात सक्रीय रही एवं आरोपियों/वारंटियो की धरपकड़ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरी रात्रि गश्त मानिटरिंग करते रहे एवं मार्गदर्शन देते रहे। रात्रि 11:00 बजे से गश्त प्रारंभ की जाकर प्रात: करीब 5 बजे तक की गई। केवल 6 घंटे की गश्त में कुल 429 स्थाई वारंट एवं 378 गिरफ्तारी वारंट गिरफ्तार किए गए एवं 236 जमानतीय वारंट तामील कराए गए। साथ ही लगभग 200 से अधिक गुंडे, बदमाश एवं चाकूबाज चेक किए एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई। कांबिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य फरार स्थाई, गिरफ्तारी, ज़मानतीय वारंटो की धरपकड़ एवं सर्चिंग हेतु पुलिस का एक अहम एवं विशेष अभियान होता है जो की मुख्य रूप से रात्रि में ही चलाया जाता है, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थाई, गिरफ्तारी, जमानती वारंटी की धरपकड़, गुंडे बदमाशों की चेकिंग, निगरानी बदमाशों की चेकिंग इत्यादि उद्देश्य शामिल होते है। जिसमें पुलिस द्वारा थानों का बल, रक्षित केंद्र का बल को एकत्रित कर ब्रीफ कर टीम बनाकर क्षेत्र में रवाना किया जाता है। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा यह 17 बार की गई है जिसमें अब तक 10142 स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी एवं बदमाशों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है।उक्त अभियान से निश्चित रूप से अपराधियों में पुलिस और कानून का खौप बढ़ेगा। साथ ही शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। अपराधों पर नियंत्रण बना रहेगा। शहर के सभी थानों में स्थाई/गिरफ्तारी वारंट की धरपकड़ की गई, आरोपी के फरार होने व वारंट तामीली होने से न्यायालय मे प्रकरण लंबित थे। वारंट की तामिली से मामलें का निराकरण होकर पीड़ितो को न्याय मिल सकेगा। तामील कराये गये वारंटो मे मर्डर, रेप, लूट, चेक बाऊंस, फ्रॉड समेत अनेक गम्भीर व इकोनोमिक सम्बंधित अपराधी भी हैं।

## साईं स्पोर्ट्स अकादमी में महिला सहित दो सफाईकर्मियो ने फिनाइल पिया

भोपाल(ए)। भोपाल की रातीबढ़ इलाके में बनी सांई स्पोर्ट्स अकादमी में नौकरी से निकाले जाने से दुखी महिला सहित तीन अन्य कर्मचारियो द्वारा फिनाइल पीकर आत्महत्या का प्रयास किये जाने की घटना सामने आई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सफाईकर्मियों की आज सुबह प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक थी। वह आउट सोर्स कर्मचारी हैं। बताया जा रहा है, कि पॉचो बीते कई सालो से यहॉ काम कर रहे थे, उन्हें अचानक नौकरी से निकाला गया है। इसी से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। फिनाइल पीने वाले महिला और पुरुष दोनों को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफाईकर्मियों का आरोप है, कि नौकरी बनाए रखने के ऐवज में उनसे रुपयों की मांग की जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार गोरा गांव स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के साईं स्टेडियम स्थित दफ्तर में सोमवार की सुबह प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को नौकरी से संबंधित बात करने के लिए बुलाया था। बैठक के दौरान ही पांच सफाई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।




भोपाल के होशंगाबाद रोड स्थित नन्दन पैलेस गार्डन में NH -12 क्रिएटिव विमेंस क्लब द्वारा आयोजित "होली धमाल 2025" सम्मिलित होकर महिला प्रतिभाओं का सम्मान किया गया

## कांग्रेस के कई नेता बीजेपी से मिले हुए हैं, कार्रवाई होना चाहिए’ राहुल गांधी के बाद अब सज्जन वर्मा बोले

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कांग्रेस के भीतर रहकर भाजपा के लिए काम करने वाले नेताओं पर टिप्पणी करने के बाद मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी इस विषय को छेड़ दिया है।

उन्होंने भोपाल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे कई नेता भाजपा के नेताओं से गठजोड़ करते हैं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में ऐसे नेताओं ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। कई शिकायतें मिली हैं। अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर ऐसे नेताओं पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

सज्जन सिंह वर्मा ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए मध्य प्रदेश के संदर्भ में कहा कि ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाना चाहिए। ये लोग पार्टी के लिए घातक हैं।

बकौल सज्जन वर्मा, ये नेता पद हमारे यहां लेते हैं और भाजपा से हाथ मिलाकर अपने ही उम्मीदवारों को हराने का काम करते हैं। ऐसी सैंकड़ों शिकायतें मिली हैं। अनुशासन समिति की बैठक बुलाकर ऐसे मामलों में कार्रवाई की जानी चाहिए।

## इलाज कराने गये वृद्ध की कार पेड़ से टकराई, मौत

भोपाल(ए)। ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे 90 साल के वृद्व गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि पंचवटी कॉलोनी निशातपुरा निवासी प्रभुलाल विश्वकर्मा बीती 28 फरवरी को ग्राम रायपुर में एक डॉक्टर के पास अपने इलाज के सिलसिले में कार से गए थे। वह कार खुद ही चलाते थे। डॉक्टर से मिलने के बाद वह कार से वापस निशातपुरा अपने घर लौटने के लिए ग्राम रायपुर से निकले थे। रात करीब 10 बजे रायपुर गांव से निकलते ही अचानक उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। प्रभुलाल का सिर स्टेयरिंग से टकरा गया था। इससे उनकी नाक, मुंह और सिर में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनकी हालत नाजुक होती गई आखिरकार बीते दिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

## -भवानी प्रसाद मिश्र की चार कौए कविता-



बहुत नहीं थे सिर्फ चार कौए थे काले
उन्होंने यह तय किया कि सारे उड़ने वाले
उनके ढंग से उड़ेंए रुकेंए खायें और गायें
वे जिसको त्योहार कहें सब उसे मनायें ।

कभी.कभी जादू हो जाता है दुनिया में
दुनिया भर के गुण दिखते हैं औगुनिया में
ये औगुनिए चार बड़े सरताज हो गये
इनके नौकर चीलए गरूड़ और बाज हो गये ।

हंस मोर चातक गौरैयें किस गिनती में
हाथ बांधकर खड़े हो गए सब विनती में
हुक्म हुआए चातक पंछी रट नहीं लगायें
पिऊ.पिऊ को छोड़ें कौए.कौए गाय ? ।

बीस तरह के काम दे दिए गौरैयों को
खाना.पीना मौज उड़ाना छुटभैयों को
कौओं की ऐसी बन आयी पांचों घी में
बड़े.बड़े मनसूबे आये उनके जी में
उड़ने तक के नियम बदल कर ऐसे ढाले
उड़ने वाले सिर्फ रह गये बैठे ठाले ।

आगे क्या कुछ हुआ सुनाना बहुत कठिन है
यह दिन कवि का नहीं चार कौओं का दिन है
उत्सुकता जग जाये तो मेरे घर आ जाना
लंबा किस्सा थोड़े में किस तरह सुनाना ।

भवानी प्रसाद मिश्र
----की काव्य रचना कविता कोष से---

# इस बार शहर में मनेगी नशा मुक्त होली

## –नशा हमारे जीवन के लिए हानिकारक और समाज के लिए भी हानिकारक–स्वामी प्रेमानंद जी महाराज

ग्वालियर (आरएनएस)। शहर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यापारिक एवं खेल संगठनों द्वारा व्यापक रूप से चलाए जा रहे व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान को हर वर्ग का अपार समर्थन मिला है। स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती एवं युवा दिवस 12 जनवरी को विशाल मैराथन दौड़ में बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने खासकर युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर इस अभियान का आगाज किया था और सामूहिक रूप से उपस्थित आमजनों ने शपथ लेकर शहर को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया था। इसके बाद विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित शहर में कई जगह नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। मातृशक्ति ने ग्वालियर जिलाधीश को सौंपे ज्ञापन में शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थान, चिकित्सालय एवं ऐतिहासिक स्थलों के पास से निश्चित दूरी और समय पर नशा के बिक्री केंद्रों को बंद कराने की मांग की गई थी, ताकि युवा पीढ़ी नशे की लत से बच सके। शहर में सकारात्मक वातावरण से उत्साहित व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान टोली ने इस बार शहर में नशा मुक्त होली खेलने का निर्णय लिया है।

व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान टोली के सदस्यों का मानना है कि नशे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके दुष्प्रभाव से परिचित कराना ही नशा मुक्ति की ओर पहला कदम है। व्यसन को जबरदस्ती बंद नहीं कराया जा सकता है। नशे की लत एक व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र के लिए घातक है जो कि चिंगारी के रूप में शुरू होकर एक विनाशकारी ज्वाला में परिवर्तित हो जाती है। नशा, नाश की जड़ है। व्यसन मुक्त ग्वालियर अभियान से लोगों में सकारात्मक सोच का संचार और बढ़ा है।

# कारों को अटैच कर गिरवी रखने वाले बदमाश पुलिस को कर रहा गुमराह

## साथी की तलाश जारी 3 और कारें जब्त

उज्जैन,(आरएनएस)। कारों को कंपनी में मासिक किराए पर अटैच कर गिरवी रखकर फरार हुए इनामी बदमाश को नानाखेड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर लिया। उसने अपने दोस्त के साथ उक्त कांड को अंजाम देना स्वीकार किया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

पिछले दिनों नानाखेड़ा थाने में एक दर्जन से अधिक कार मालिकों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जगदीश परमार नामक व्यक्ति ने उसकी कंपनी में 25–30 हजार रुपए प्रतिमाह के मान से शासकीय विभागों में कारें अटैच करने की बात कही और अनुबंध कराने के बाद कारें ले ली थीं। उसने कुछ माह तक मासिक किराया दिया और 2–3 माह से किराया देना बंद कर दिया। शंका होने पर उसके घर और ऑफिस गए लेकिन वह नहीं मिला। जगदीश का मोबाइल भी बंद था।जब उसका पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें उक्त लोगों की कारों को शाजापुर, देवास, आगर सहित अन्य जिलों में गिरवी रखने की बात सामने आई थी। पुलिस ने जगदीश की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए की ईनाम की घोषणा भी की। नानाखेड़ा थाने की टीम ने अलग–अलग जगह से 10 कारें जब्त की और उसके बाद जगदीश परमार को भी गिरफ्तार कर लिया।टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया कि जगदीश परमार को 12 मार्च तक रिमाण्ड पर लिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी में माधव टाइगर रिजर्व का लोकार्पण कर बाघिन को प्राकृतिक आवास में छोड़ा।

# कैसे होंगे सिंहस्थ के काम : महाकाल सवारी मार्ग चौड़ीकरण के नाम कागजों पर सिर्फ खेला

## स्मार्ट सिटी ने सर्वे में केवल सडक़ की लंबाई और चौड़ाई ही लिख दी

उज्जैन, (आरएनएस)। सिंहस्थ 2028 में सरकार के सामने बड़ी चुनौती है और प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ की घटना ने इसे और अधिक बढ़ा दिया है, लेकिन सरकारी विभाग इसकी तैयारी के नाम पर कागजों पर सिर्फ खेल ही खेल रहे हैं।महाकाल सवारी मार्ग चौड़ीकरण के मामले में अब तक की कवायद का जो सच सामने आया है, वह बड़ा चिंताजनक है। सूत्रों के अनुसार पहले यह काम स्मार्ट सिटी को दिया गया था, जिसने सर्वे के नाम पर केवल सडक़ की लंबाई और चौड़ाई ही लिख दी।सिंहस्थ से पहले 4.8 किमी लंबे महाकाल सवारी मार्ग को चौड़ा करना एक बड़ी चुनौती है। यह काम अब स्मार्ट सिटी से लेकर नगर निगम को सौंपा गया है। निगम ने स्मार्ट सिटी की योजना का अध्ययन किया तो चौंकने वाली बात यह सामने आई कि स्मार्ट सिटी ने सर्वे के नाम पर केवल सडक़ की लंबाई और चौड़ाई ही लिख दी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस मकान को कितना तोड़ना पड़ेगा और मुआवजे पर कितना खर्च आएगा।सूत्रों के अनुसार अब नगर निगम इस काम का नए सिरे से सर्वे करेगा। पूरी योजना तैयार करेगा तब काम शुरू हो सकेगा। योजना तैयार होने और उसकी स्वीकृति में भी समय लगेगा। इस स्थिति में रोड चौड़ीकरण का काम सिंहस्थ से पहले करना परेशानी का सबब बन सकता है। स्मार्ट सिटी ने 85 करोड़ रुपए की योजना प्रस्तावित की थी, लेकिन अब खर्च का यह आंकड़ा भी बढ़ सकता है।

**चौड़ाई 18 मीटर या 24 मीटरज् अभी तय नहीं**

महाकाल सवारी मार्ग की चौड़ाई को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। पहले स्मार्ट सिटी ने 18 मीटर चौड़ाई के हिसाब से योजना तैयार की थी, लेकिन बाद में चौड़ाई 24 मीटर करने के नोटिस दिए गए। इसको लेकर क्षेत्रीय रहवासियों का विरोध भी उठ चुका है। इसलिए प्रशासन को सबसे पहले मार्ग की चौड़ाई को लेकर स्थिति साफ कर लेनी चाहिए।

**लोग तैयार, लेकिन योजना की धीमी रफ्तार**

महाकाल सवारी मार्ग को 18 मीटर चौड़ा करने पर क्षेत्रीय लोग सहमत हैं और अपने मकान भी तोडऩे को तैयार हैं, लेकिन योजना की रफ्तार इतनी धीमी है कि अभी तक लोगों के सामने तस्वीर साफ नहीं है। योजना बनने और काम शुरू होने में वक्त लगा तो इस सिंहस्थ से पहले चौड़ीकरण का काम पूरा नहीं हो सकेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पर्यटन संरक्षण मेला संपन्न महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन पर मेले का आयोजन

जबलपुर(आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी, ऑरेंज अम्ब्रेला महिला संघ एवं बायपास संस्थान द्वारा महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत महिला सम्मेलन और मेले का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लगभग 400 महिलाओं ने भागीदारी की।मेले में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा मोमोस, साउथ इंडियन और नार्थ–इंडियन नाश्ते, बेकरी आयटम, फ्रूट सलाद, चाट–फुलकी, बच्चों के खिलौने, कपड़े के बैग, मेहंदी, बुटीक के सामान, मनिहारी और सजावटी सामान आदि के 25 स्टॉल लगाए गए। गाइड विधा में प्रशिक्षित लड़कियों द्वारा भेड़ाघाट और जबलपुर के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। पंजीयन और स्टॉल आदि की व्यवस्था फ्रंट ऑफिस विधा में प्रशिक्षित युवतियों ने संभाली। जहां एक ओर महिलाओं ने खाने–पीने की चीजों का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर मेहंदी स्टॉल पर भी महिलाओं की अच्छी भीड़ रही। बच्चों के खिलौने, बैग, कपड़े, मनिहारी और सजावटी सामान की भी बिक्री महिलाओं ने की। महिलाओं ने खेलकूद और गाने की कला का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ गुलाल खेलकर किया गया। यूथ हॉस्टल प्रांगण में सम्पन्न इस मेले में पधारे विधायक अभिलाष पांडे ने शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलने पर बधाई दी और




कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिसका लाभ अब मैदानी स्तर पर भी दिख रहा है। उन्होंने महिलाओं को क्लब और समूह बनाकर शासन की योजनाओं से जुडने के लिए प्रेरित किया और स्टार्टअप और टेक्सटाइल सेक्टर में आने पर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया। बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है, अब बारी है बराबरी में साथ आने की।

# भूख प्यास से हुई तीन गायों की मौत, पुलिस ने किया 4 लोगों पर मामला दर्ज

सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली जिले के चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी में कुछ लोगों ने निजी बाडा बनाकर गौवंश को बंधक बनाने के बाद उन्हें खाना पीना नहीं दिया, जिसके कारण तीन गौवंश की मौत होने की आशंका जताई गई है। लिहाजा गौवंश का पीएम करने के बाद बंधक बनाने वाले 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

पूरा मामला चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी का है जहां निजी गौशाला में तीन गायों की मौत का मामला प्रकाश में आया है । जैसे ही गौवंश की मौत का मामला प्रकाश आया पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। लिहाजा मौके पर एसडीएम और तहसीलदार की टीम भी पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टिया तीनों गौवंश के पीएम भी कराए गए हैं और यह भी जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर उनकी मौत की वजह क्या है.

**निजी बाडा में हुई गोवंश की मौत**

चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानी में जो तीन गौवंश की मौत हुई है वह कोई शासकीय गौशाला नहीं थी बल्कि निजी बाड़ा था सूत्रों के अनुसार पता चला है कि स्थानीय लोग जानवरों से काफी परेशान है क्योंकि उनके फसल आए दिन गोवंश खा ले रहे थे इसीलिए कुछ लोगों ने बाड़ा बनाकर गोवंशों को बाड़े के अंदर रखा। लेकिन उन्हें ना तो खाने के लिए भूसा दिया और ना ही पीने के लिए पानी , जिसके कारण आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत भूखे रहने कारण हुई है.

## व्यापार समाचार

# जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर सरकार का फोकस, टैक्स में होगी कटौती



नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरें कम की जाएंगी क्योंकि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि 2017 में जीएसटी लागू करने के समय रेवेन्यू न्यूट्रल रेट (आरएनआर) 15.8 प्रतिशत था, जो कि 2023 में कम होकर 11.4 प्रतिशत पर आ गया है। आगे इसमें और कमी आने की संभावना है।

राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जीएसटी स्लैब को सरल बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि जीएसटी परिषद, जिसमें राज्य के वित्त मंत्री शामिल हैं, जल्द ही अंतिम निर्णय लेगी। जीएसटी परिषद का नेतृत्व केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसे लेकर मंत्रियों के समूहों (जीओएम) द्वारा कार्य किया गया है और मैं इन कार्यों की समीक्षा करूंगी और फिर इसे जीएसटी परिषद के पास ले जाऊंगी, जिससे हम इस पर अंतिम निष्कर्ष पर पहुंच सकें।

जीएसटी की दरों और स्लैब में बदलाव के लिए सितंबर 2021 में जीओएम की स्थापना की गई थी। इस कमेटी में छह राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं, जो कि टैक्स सिस्टम को अधिक कुशल बनाने को लेकर काम कर रहे हैं। जीओएम द्वारा जीएसटी स्लैब की संख्या कम करने, दरों को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न उद्योगों द्वारा उठाई गई प्रमुख चिंताओं का समाधान पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगली जीएसटी परिषद की बैठक में प्रस्ताव पेश करने से पहले अंतिम समीक्षा की जा रही है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, हम इसे अगली परिषद (बैठक) में ले जाएंगे। हम कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दों, दरों में कटौती, तर्कसंगतता, स्लैब की संख्या पर विचार आदि पर अंतिम निर्णय लेने के बहुत करीब हैं। शेयर बाजार में आ रहे उतार–चढ़ाव पर सवाल पूछने पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह वैश्विक अस्थिरता के कारण है, जो कि युद्ध, लाल सागर में व्यावधान के कारण पैदा हुई है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि इन अस्थिर वैश्विक कारकों के कारण बाजारों में पूर्ण स्थिरता की भविष्यवाणी करना कठिन है।

# दुनियाभर में 'एक्स' का सर्वर डाउन, लोगों को आ रही ये परेशानी

नई दिल्ली(ए.)। माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' का सर्वर दुनियाभर में डाउन हो गया। जानकारी के अनुसार तकनीकी कारणों से दुनियाभर में कई उपयोगकर्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।मस्क के इस प्लेटफॉर्म पर ज्यादातर लोग लॉगइन नहीं कर पा रहे हैं। नई पोस्ट शेयर या उन पर



रिएक्ट नही कर पा रहे हैं। डाउनडिटेक्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 61 प्रतिशत यूजर्स वेबसाइट पर परेशानी का सामना कर रहे हैं। वहीं 38 प्रतिशत यूजर्स को मेबाइल ऐप पर चलाने में दिक्कत आ रही है। 1 प्रतिशत यूजर्स को लॉगइन करने में प्रॉब्लम हो रही है।च और USA के यूजर्स को एक्स पर रिफ्रेश करने पर या ओपन करने पर Something went wrong' लिखा शो हो रहा है। भारत में 2,500 से ज्यादा यूजर्स ने कंप्लेंट की है। जिसमें लोगों को एक्स वेसबाइट और ऐप दोनों को यूज करने में परेशानी हो रही है। इंडिपेंडेंट प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर पर च से 9 हजार से ज्यादा रिपोर्ट्स दर्ज की गई हैं। जिसमें यूजर्स को एक्स वेबसाइट चलाने में दिक्कत हो रही है। वहीं USA में हर मिनट 17,000 रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

साल 2024 में X की सर्विस कई बार डाउन हुई थी। जिसका असर इसके यूजर्स पर काफी देखने को मिला था। बड़ी संख्या में लोगों ने एक्स को छोड़कर दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, अब 'एक्स' सेवाएं सामान्य हैं।

# भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या 1.1 लाख के हुई पार

नई दिल्ली (आरएनएस)। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6



प्रतिशत थी।रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है।परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूसिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र हैं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सरकार ने भारतीय रेलवे को वर्ल्ड–क्लास एंटिटी में बदलने को प्राथमिकता दी है, जो हर दिन औसतन 2.3 करोड़ भारतीयों को सस्ती कीमत पर देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पहुंचाती है और महिलाएं इस प्रयास में बढ़ती भूमिका निभा रही हैं।

# भारत में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में वित्त वर्ष 2025-26 में आएगी तेजी : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.) भारत में कमर्शियल वाहन (सीवी) इंडस्ट्री की होलसेल वॉल्यूम में वित्त वर्ष 2025–26 में सालाना आधार पर 3–5 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो कि इस सेगमेंट में मजबूत रिकवरी को दिखाता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में सीवी सेगमेंट में वॉल्यूम सपाट रहा है। इसकी वजह लोकसभा चुनावों के कारण मांग में धीमापन आना था।

इंडस्ट्री आउटलुक पर आईसीआरए की वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट, किंजल शाह ने कहा, कि निर्माण और बुनियादी ढांचे की गतिविधियों में तेजी आना, स्थिर ग्रामीण मांग के साथ–साथ पुरानी हो चुकी फ्लीट के कारण अधिक प्रतिस्थापन बिक्री के चलते इंडस्ट्री वॉल्यूम में वित्त वर्ष 25 के अंत और फिर वित्त वर्ष 26 के दौरान बढ़त देखने को मिल सकती है।

आईसीआरए को उम्मीद है कि घरेलू सीवी उद्योग के लिए दीर्घकालिक विकास कारक बरकरार रहेंगे। हाल के बजटीय आवंटन में उच्च बुनियादी ढांचा पूंजी परिव्यय से बुनियादी ढांचे के विकास में निरंतर वृद्धि, खनन गतिविधियों में लगातार वृद्धि और सड़कों/राजमार्ग कनेक्टिविटी में सुधार से भविष्य में वॉल्यूम को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि प्रतिस्थापन मांग भी अच्छी बनी रहेगी, जिसका मुख्य कारण मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) का पुराना होना है और इसके लगभग 10 वर्ष पुराना होने का अनुमान है। इससे मध्यम अवधि में उद्योग के विस्तार में सहायता मिलने की उम्मीद है।

# बिटकॉइन के भाव में आई गिरावट, क्रिप्टो बाजार के निवेशक हुए निराश




नई दिल्ली,(ए)। बिटकॉइन के भाव में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद बिटकॉइन की कीमतों में उतार–चढ़ाव जारी है। सोमवार को बिटकॉइन की कीमत 5.47 फीसदी गिरकर 81,712 डॉलर पर आ गई। यह रिजर्व उन बिटकॉइन से भरा जाएगा जो अपराधिक और सिविल केस में जब्त किए गए हैं।अमेरिकी सरकार का अतिरिक्त बिटकॉइन खरीदने की कोई योजना नहीं है। पिछले गुरुवार को इस रिजर्व की घोषणा के बाद, क्रिप्टो मार्केट में निवेशक निराश हो गए, क्योंकि सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम नहीं उठाया। सोमवार को दूसरे क्रिप्टो करेंसीज जैसे ईथर और एक्सआरपी की कीमतें भी गिर गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9ः43 बजे तक दोनों करेंसीज करीब 7.5 फीसदी नीचे चले गए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह स्टेबलकॉइन्स के लिए नियम बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे ताकि अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी बना रहे।ट्रंप और क्रिप्टो जार डेविड सैक्स ने वाशिंगटन में क्रिप्टो उद्योग के बड़े लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि मैं कांग्रेस के उन नेताओं का पूरा समर्थन करता हूं जो डॉलर–बैक्ड स्टेबलकॉइन्स और डिजिटल एसेट्स मार्केट के लिए नियम बनाने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि वह बाइडेन सरकार के बनाए नियमों को अपडेट करने के लिए रेगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने बाइडेन सरकार पर अरबों डॉलर के बिटकॉइन बेचने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में अमेरिकी सरकार ने बेवकूफी में हजारों बिटकॉइन बेच दिए थे, जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी अगर उन्हें नहीं बेचा जाता तो आज स्थिति कुछ और होती।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 217 , निफ्टी 92 अंक नीचे आया

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले–जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक करीब 0.29 फीसदी गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी टूटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 22 शेयर गिरे जबकि 8 शेयरों में बढ़त रही। सेंसेक्स दिन के दौरान 74,741.25 के शीर्ष स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 310.34 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी नीचे आकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 22,460.30 पर खिसक गया।

# एग्रीटेक स्टार्टअप फाल्का का घाटा वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढ़कर 15 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली(आरएनएस)। एग्रीटेक सप्लाई चैन स्टार्टअप फाल्का का नुकसान वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढ़कर 15 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 5 करोड़ रुपये था। फाल्का के वित्तीय विवरण के अनुसार, कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह खर्च में बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 के दौरान 30.2 प्रतिशत बढ़कर 384 करोड़ रुपये हो गया है।कंपनी का सबसे बड़ा खर्च सामग्री की खरीद है, जो कुल व्यय का 94 प्रतिशत है।वित्त वर्ष 24 में कंपनी का सामग्री पर खर्च सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 362 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा कर्मचारी खर्च दोगुना होकर 10 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की वित्तीय लागत 50 प्रतिशत बढ़कर 3 करोड़ रुपये हो गई है। अन्य ऑपरेशनल लागत 9 करोड़ रुपये रही है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी।

मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है?

हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।

कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं।तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।



तिब्बती समुदाय के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 66वें तिब्बती विद्रोह दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शन करते हुए।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

ललित गर्ग

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम



कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर जज़िया वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।


उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं। शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

# राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

**रंजन श्रीवास्तव**

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था।

जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। पटेल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।




मेष राशि: आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

वृष राशि: आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशि: आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से अच्छा उपहार मिलने की संभावना है।

कर्क राशि: आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा। बातचीत के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी।

सिंह राशि: आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे। आज जरूरी काम पूरा हो जाने से रिलैक्स फील करेंगे।

कन्या राशि: आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा।

तुला राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

धनु राशि: आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशि: आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

कुंभ राशि: आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे।

मीन राशि: आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

# आम हिंदुओं के निशाने समूचा विपक्ष

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे।

पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा।

अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है!

ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे! खडग़े और राहुल गांधी मन में चाहे जो भाव रखते हों लेकिन राजनीति कर रहे हैं पार्टी चल रहे हैं तो सार्वजनिक बयानों में सावधान रहने की जरुरत होती है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद ने कह दिया कि कुंभ फालतू है। उनको महाकुंभ () की व्यवस्था पर सवाल उठाना था लेकिन वे महाकुंभ को ही फालतू की बात बता रहे थे। यह समझे बगैर कि उत्तर प्रदेश के अलावा सबसे ज्यादा लोग बिहार से ही महाकुंभ जा रहे थे। उनकी जाति के कट्टर समर्थक भी कुंभ जा रहे थे। उसकी आस्था को इस तरह से चैलेंज करना कोई अच्छी राजनीति नहीं है। सोशल मीडिया के इस दौर में ऐसी बातों का तुरंत प्रसार होता है। यही ममता बनर्जी ने भी किया। उन्होंने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया। ममता ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कहा। उन्होंने इसके 144 वाले संयोग पर सवाल उठाया वह अलग बात है लेकिन महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कह कर उन्होंने ऐसा विवाद खड़ा किया, जिस पर समूचे विपक्ष को सफाई देनी पड़ी। सोचें, खुद ममता बनर्जी अपने यहां कुंभ की ही तरह का बड़ा गंगासागर मेला आयोजित करती हैं।

## हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

**राम पुनियानी**

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था।



# होली तक मौसम भी बदलेगा रंग,पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है बर्फबारी व बारिश

नई दिल्ली,(ए)। होली तक फिर मौसम में बदल सकता है। पहाड़ों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 14 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आ सकता है, जिससे दिन में शीतलहर जैसी स्थिति सकती है विभाग के मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 13 से 14 मार्च तक दिल्ली-एनसीआर समेत पड़ोसी राज्यों में बादलों की आवाजाही रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति यूपी, बिहार और राजस्थान के आसपास भी बनी रह सकती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर पूर्व राज्यों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होने से अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, केरल और असम में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में हवा तेज हो सकती है।

मौसम विभाग ने दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। हालांकि, इस सप्ताह पहाड़ों में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम



बदलने की संभावना है। 14 मार्च को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो भी सकती है।

आईएमडी के मुताबिक यूपी में 13 मार्च को 12 जिलों में बारिश की संभावना है। हल्की से मध्यम हवाएं चलने से ठंड का अहसास बना रहेगा। हालांकि, अब हवाओं की गति कम होने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। बिहार में कभी गर्मी, कभी ठंड तो कभी बारिश का मौसम बना हुआ है। आईएमडी ने राज्य में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और बिजली चमकने व गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। बादलों के कारण तापमान में बढ़ोतरी होगी।

राजस्थान के कई इलाकों में तापमान बढ़ने लगा है, जहां पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान सीमावर्ती बाड़मेर में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक इस सप्ताह राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा। उत्तराखंड में अगले 24 घंटे में बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड में 12 मार्च को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बारिश की संभावना है। 13 मार्च को यूएस नगर और हरिद्वार को छोड़कर शेष सभी जिलों में बारिश का अनुमान है। वहीं हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई हिस्सों में लगातार पांच दिन तक बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। आईएमडी के मुताबिक लाहौल स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग जगहों पर हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट से फिर ठंड का एहसास होगा। जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना है। इसका असर 14 मार्च तक रहेगा। घाटी और ऊंचाई वाले इलाकों फिर बर्फबारी होगी और मैदानी इलाकों में सामान्य जनजीवन पर असर पड़ेगा।

## पीएम मोदी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का आज जन्मदिन है। वह अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

बता दें कि उमर अब्दुल्ला का जन्मदिन 10 मार्च को मनाया जाता है। आज वे अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, जिसमें उनकी सेहत, लंबी उम्र की कामना की है। उमर अब्दुल्ला वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं और नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के प्रमुख नेता हैं।ज्ञात हो कि अक्टूबर, 2024 को उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से इस क्षेत्र में पहली निर्वाचित सरकार है।उमर अब्दुल्ला बहुत ही महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवार से हैं। उनके दादा, शेख मोहम्मद अब्दुल्ला, कश्मीर के शेर के रूप में जाने जाते थे और जम्मू-कश्मीर के पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक व्यक्तियों में से एक थे। 1939 में, उन्होंने जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की स्थापना की थी। उनके पिता, फारूक अब्दुल्ला, कई बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे।

उमर अब्दुल्ला ने 1998 में 12वीं लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद लाल चौक निर्वाचन क्षेत्र से सबसे कम उम्र के सांसद के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया था।

## कार और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 5 लोगों की मौके पर मौत; शवों की नहीं हो पाई पहचान

बस्ती (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बस्ती में सोमवार को एक सड़क हादसे की जानकारी सामने आई है। यहां तेज रफ्तार ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मामला नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के नेशनल हाईवे का है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबर (आरजे18जीबी5710) का ट्रक बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने लेन बदलने की कोशिश की, तभी अयोध्या से बस्ती की तरफ जा रही कार की उससे जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उन्होंने हादसे में घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

## सुक्खू ने महिला कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला टीम को दी बधाई

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को एशियाई महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में हिमाचल की पाँच बेटियों को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। सुक्खू ने कहा कि इन बेटियों ने भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। सिरमौर की पुष्पा राणा (उप-कप्तान), बिलासपुर की निधि शर्मा, सोलन की ज्योति ठाकुर, साक्षी शर्मा और भावना ठाकुर ने अपने शानदार खेल से भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।उन्होंने कहा कि इस शानदार जीत पर सभी खिलाड़ियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। हमारी बेटियों ने एक बार फिर हिमाचल का मान देशभर में बढ़ाया है।

## होली को लेकर पंजाब में सुरक्षा सख्त, पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

चंडीगढ़(आरएनएस)। होली से पहले पंजाब पुलिस ने रविवार को 262 बस स्टैंडों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देश पर सभी 28 पुलिस जिलों में चलाया गया।राज्य स्तरीय इस अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (विशेष डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि सभी पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के अधिकारियों की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा, गांधीनगर में अमित शाह ने किया एलान



अहमदाबाद, (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का केंद्र रहा है। अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' को संबोधित करते हुए अमित शाह ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाने का भी वादा किया।

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह बताएगा कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जा सकता है।केंद्रीय मंत्री ने गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे राज्य में पूरी तरह से सुरक्षित, सम्मानित और स्वागत योग्य हैं। उन्होंने गुजरात के विकास में उनके योगदान की विशेष रूप से प्रशंसा की। मिथिला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह भूमि रामायण और महाभारत काल से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है। उन्होंने प्राचीन विदेह साम्राज्य को लोकतंत्र की जननी बताया।

उन्होंने महात्मा बुद्ध के कथन को याद करते हुए कहा, महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता।

अमित शाह ने मिथिलांचल को लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र ने वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश दिया है। उन्होंने मिथिलांचल को 'शास्त्रार्थ' (विद्वानों की सभा) की भूमि भी बताया और जानकारी दी कि भारत के छह प्रमुख दर्शनों में से चार मिथिलांचल से ही आए हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत करती हुई।



हरियाणा के हिसार में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपस्थित। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर उपस्थित थीं।

## नागुपर में बोले बाबा रामदेव, औरंगजेब की चर्चा करना व्यर्थ



नागपुर (आरएनएस)। पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार को नागपुर के मिहान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए योगगुरु बाबा रामदेव शनिवार को नागपुर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए बाबा रामदेव ने महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी।बाबा रामदेव ने कहा, भारत भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान शिव और छत्रपति शिवाजी महाराज का देश है। हमें अपने पूर्वजों के गौरव से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।योगगुरु ने आगे कहा कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था, उसकी चर्चा करना ही व्यर्थ है। भारत में जितने भी क्रूर आतंकी शासक रहे, उनकी गुलामी की निशानियों को सहेज कर रखने का कोई मतलब नहीं है। हमें अपने महान पूर्वजों की विरासत पर ध्यान देना चाहिए और उनके सपनों का भारत बनाना चाहिए।बता दें कि इन दिनों औरंगजेब को लेकर बयानबाजी का दौर जारी है।

## भूपेश बघेल के आवास पर ईडी की छापेमारी को लेकर पवन खेड़ा ने भाजपा को घेरा, कहा- ध्यान भटाकने का षड्यंत्र



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के भिलाई के पदुम नगर इलाके में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के आवास पर छापेमारी की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने ईडी की इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा।पवन खेड़ा ने सोमवार को एक्स पर शेयर किए वीडियो बयान में ईडी की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुबह 6.30 बजे से भिलाई में भूपेश बघेल के यहां ईडी छापेमारी कर रही है। कोई हैरानी की बात नहीं है। विपक्ष के यहां ईडी भेजने की परंपरा भारतीय जनता पार्टी ने शुरू कर रखी है। यह छापेमारी किस केस में की जा रही है ये किसी को नहीं मालूम। क्यों हो रही है? नहीं मालूम।उन्होंने आगे कहा कि आज से कुछ दिनों पहले कोर्ट ने सीबीआई का एक केस जो बघेल के खिलाफ था, उसको खारिज कर दिया था। उनके खिलाफ कोई केस नहीं है। फिर भी आज ईडी की छापेमारी उनके आवास पर चल रही है।आज संसद का सत्र शुरू हो रहा है। भाजपा चारों तरफ से घिरी हुई है। छापेमारी ध्यान भटकाने का एक षड्यंत्र है। ये भी हो सकता है कि भूपेश बघेल पंजाब में अपनी राजनीतिक गतिविधि अब शुरू कर रहे हैं, प्रभारी बने हैं। उनको वहां परेशान करने की कोशिश की जा रही हो। भारतीय जनता पार्टी का एक अंग बनकर आज ईडी जिस तरह से काम कर रही है यह भुला नहीं जाएगा, हम भी याद रखेंगे।वीडियो के साथ पवन खेड़ा ने कैप्शन लिखा, आज जब संसद का सत्र शुरू हो रहा है। चारों तरफ से घिरी हुई भाजपा ने हैडलाइन बदलने के लिए, देश का ध्यान टैरिफ, गिरती हुई अर्थव्यवस्था, वोटर्स लिस्ट फ्रॉड आदि से भटकाने के लिए आज सुबह से ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के घर पर ईडी द्वारा रेड करवा दी। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि वह ना कांग्रेस को रोक पाएगी, ना हमारे किसी भी नेता को, ना डरे हैं, ना डरेंगे।

### हिमाचल प्रदेश : पांवटा साहिब में धूमधाम से मनेगा होला मोहल्ला, दुल्हन की तरह सजेगा गुरुद्वारा

पांवटा साहिब (आरएनएस)। सिख धर्म के पावन पर्व होला मोहल्ला को लेकर पांवटा साहिब में तैयारियां जोरों पर हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पांवटा साहिब को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। 11 से 15 मार्च तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से श्रद्धालु शामिल होंगे। प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पांवटा साहिब गुरु की धरती है, जहां दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने जीवन के चार वर्ष बिताए थे और यहीं से भगानी का ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया था। इस बार होला मोहल्ला को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केवल लाइटिंग का कार्य बाकी है, जबकि गुरुद्वारे की सजावट पूरी हो चुकी है।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से हजारों श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होंगे। उनके ठहरने और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को पारंपरिक स्वादिष्ट भोजन परोसा जाएगा।होला मोहल्ला सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे गुरु गोबिंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में शुरू किया था। इसमें गुरबाणी कीर्तन, गतका (मार्शल आर्ट), अखाड़ों का प्रदर्शन और नगर कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं।

## गाजीपुर में युवक की गोली के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया, जाम खोला जा रहा : एडिशनल डीसीपी

गाजीपुर (आरएनएस)। दिल्ली में गाजीपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक 32 वर्षीय युवक रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गाजीपुर इलाके में भयंकर जाम के हालात हैं। इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा है।

सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने नेशनल हाईवे-24 को जाम कर दिया, जिससे 4 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। स्थिति को संभालने के लिए पूर्वी दिल्ली के एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

डीसीपी ने परिवार वालों को समझाया कि जाम खोल दें, क्योंकि इसमें एंबुलेंस भी फंसी है और लोगों को दूर तक जाना है। हालांकि, परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया जा रहा है।एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तड़के चार बजे हमें एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी। मामले में कार्रवाई करते दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। जाम हटावाया जा रहा है। हमने मृतक के परिजनों को सुनिश्चित किया है आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कई टीमों आरोपियों की तलाश में लगी हैं।मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मेरे भाई रोहित की रात हत्या कर दी गई। यहां पर रोहिंग्या वसे हैं, जो दो नंबर का कारोबार करते हैं।

### शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, लाखों की अंग्रेजी शराब व वाहन जब्त

डबवाली (आरएनएस)। हरियाणा के सिरसा जिला में अवैध रूप से नशे की तस्करी कर रहे नशा तस्करों पर डबवाली पुलिस शिकंजा कस रही है और इसी क्रम में रविवार को एक अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया।ताजा मामले में डबवाली पुलिस के प्रभारी एन्टी नारकोटिक सेल के उप नि. सुरेश कुमार की टीम ने डबवाली सिरसा रोड नजदीक रोहिडा वाली बस स्टैण्ड से गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को करीब 25 लाख रुपये की अग्रेजी शराब मार्का रोयल स्टोग व मैकडोवल की बड़ी खेप 96 पेटी (करीब 12,00 बोतल) व आयशर कैंटर के साथ गिरफ्तार किया है । काबू किये गये व्यक्ति की पहचान विजय कुमार पुत्र जगदीश निवासी सदलपुर जिला हिसार के रूप में हुई है।इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए श्री सुरेश कुमार ने बताया कि आज मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम गस्त पड़ताल अपराध के सम्बन्ध में डबवाली से सिरसा रोड पर रोहिडा वाली बस स्टैंड के पास मौजूद थे , कि उन्होंने शक की बिनाह पर साथी कर्मचारियों की सहायता से कैन्टर टाटा को रुकवाकर नियमानुसार तलाशी अमल में लाई गई तो कैन्टर में प्लास्टिक कै करैटो के निचे छुपाई हुई करीब 96 पेटी अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का मैकडोल व रायल स्टाग बरामद होने पर थाना औंढा में धारा 61/4/20/72एफ के तहत मामला दर्ज रजिस्टर किया गया।


### भगोड़े ललित मोदी को झटका : वानुअतु की नागरिकता रद्द, पीएम जोथम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश



नई दिल्ली (आरएनएस)। भगोड़े कारोबारी ललित मोदी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। वानुअतु सरकार ने उनकी नागरिकता रद्द कर दी है। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए ललित मोदी का पासपोर्ट भी रद्द करने का फैसला लिया है। यह कदम ललित मोदी के खिलाफ उठाए गए अंतरराष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई का हिस्सा है, जिन्होंने भारत में कई गंभीर आरोपों का सामना किया है।

ललित मोदी IPL (इंडियन प्रीमियर लीग) के पूर्व चेयरमैन रहे हैं, लेकिन 2010 में भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों के चलते उन्हें देश छोड़कर जाना पड़ा था.भारत सरकार कई बार इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग कर चुकी है, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया. वनुआतू की नागरिकता मिलने के बाद ललित मोदी और सुरक्षित हो गए थे, लेकिन अब जब वनुआतू ने भी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला कर लिया है, तो यह ललित मोदी के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

# ट्रेडिशनल लुक में कहर बरपाती दिखीं प्रज्ञा जैसवाल, एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर लगाया हॉटनेस का तड़का



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर के इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी शोख अदाएं देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

हाल ही में प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने बेहद ही खूबसूरत ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का बन बनाकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनकी ये कातिल अदाएं देख लोगों की नजरें नहीं हट रही है।

बता दें कि एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने, माता पार्वती के रूप में दिखीं अभिनेत्री

काजल अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा' से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं।

'कनप्पा' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया।

पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती।

काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत।

वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है।

# शाल्मली खोलगड़े ने अपना नया रोमांटिक सिंगल आवारा बनाने के पीछे की प्रक्रिया साझा की

परेशान, बलम पिचकारी, लत लग गई जैसे गानों के लिए मशहूर गायिका-गीतकार शालमली खोलगड़े ने अपना नया हिंदी ट्रैक आवारा रिलीज़ किया। यह रोमांटिक सिंगल प्यार की कच्ची और परिवर्तनकारी शक्ति को खूबसूरती से दर्शाता है।


शाल्मली ने गीत के निर्माण की प्रक्रिया का विश्लेषण किया तथा बताया कि इसे किस प्रकार जीवंत बनाया गया।

गाने के बारे में बात करते हुए, शाल्मली ने कहा, आवारा पहले एक मराठी गाना था जिसका नाम हा वारा था, जिसे मैंने 2020 में जून नामक एक मराठी फिल्म के लिए तैयार किया था। मुझे तब पता था कि किसी समय मुझे इसे हिंदी में लिखना होगा। जब राजन बत्रा ने गीत लिखने के लिए कदम रखा, तो ऐसा लगा जैसे स्वर्ग में बनी जोड़ी हो। राजन की मीटर, धुन और गीत के अर्थ की समझ, रचना की मांग के अनुसार सटीक भावना को सामने लाती है।

उन्होंने आगे बताया, वह अपने शब्दों के साथ निपुण हैं। इसके साथ ही मराठी फिल्म जून में अभिनय करने वाले सिद्धार्थ मेनन ने भी संगीत वीडियो में काम करने का फैसला किया, जिससे मुझे लगा कि मैं इस गीत को प्रस्तुत करने का इससे बेहतर तरीका नहीं खोज सकती थी। इस गीत पर जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है, उनके साथ मुझे कुछ खूबसूरत दोस्ती और सौहार्द का अनुभव हुआ है।

राजन बत्रा के बोल इस ट्रैक में भावनात्मक गहराई जोड़ते हैं और इसकी धुन गीत के खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है। आवारा श्रोताओं को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहाँ प्यार साधारण पलों को असाधारण बना देता है।

हाल ही में, शाल्मली ने काला घोड़ा कला महोत्सव में मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें उन्होंने एक शानदार लाइव प्रदर्शन किया, जिसने हज़ारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, वह अंतर्राष्ट्रीय और स्वतंत्र कलाकारों के साथ शैली-तरल सहयोग में सबसे आगे रही हैं, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा और कलात्मक विकास का प्रदर्शन हुआ है।



आवारा के साथ, शाल्मली एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में खुद को फिर से स्थापित करना जारी रखती है, यह साबित करते हुए कि उसका संगीत सिर्फ सुनने से कहीं ज़्यादा है, इसे गहराई से महसूस किया जाता है। आवारा सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और शाल्मली के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

# सिनेमा का जादूगर, आमिर खान का 60वें बर्थडे से पहले फैंस को बड़ा तोहफा, थिएटर्स में लगेगा फिल्मों का मेला

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आगामी 14 मार्च को 60 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं. ऐसे में आमिर खान ने अपने जन्मदिन को फैंस संग मनाने के लिए खास इंतजाम किया है. पीवीआर आईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर आमिर खानः सिनेमा का जादूगर नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल का एलान किया है. आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी है. उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया है, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित भी किया है. इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा.




आमिर खान का करियर उनकी दमदार स्क्रिप्ट चुनने की आदत, रिकॉर्ड तोड़ फिल्मों और ऐसी कहानियों के लिए जाना जाता है, जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं. कयामत से कयामत तक से रोमांस का नया दौर लाने से लेकर लगान, तारे जमीन पर, 3 इडियट्स और दंगल जैसी फिल्मों से सिनेमा की सोच बदलने तक, आमिर ने अपनी फिल्मों से इंडस्ट्री पर गहरी छाप छोड़ी है.

अजय बिजली, मैनेजिंग डायरेक्टर, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड, ने आमिर खान की तारीफ करते हुए कहा, आमिर खान सिर्फ एक एक्टर ही नहीं, बल्कि इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े ट्रेंडसेटर में से एक हैं, उन्होंने हमेशा हटके और दमदार कहानियां चुनी हैं, जो सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं देतीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं, 3 इडियट्स जैसी फिल्म ने हमें सिखाया कि सक्सेस के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है एक्सीलेंस हासिल करना और यही आमिर की खासियत है, उनकी फिल्में लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं और बॉक्स ऑफिस पर झंडे भी गाड़ती हैं.

बता दें, बॉलीवुड के पहले 100 करोड़ क्लब से लेकर 200 करोड़ और फिर 300 करोड़ तक, आमिर खान ने हर बार नया रिकॉर्ड बनाया है. एक्टर ने साबित कर दिया कि अच्छी कहानियां और तगड़ी कमाई दोनों साथ-साथ मुमकिन हैं.

## छावा ने 23वें दिन लगाई बड़ी छलांग, बनी 2025 में 500 करोड़ी करने वाली पहली फिल्म बनी

विक्की कौशल की फिल्म छावा पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म रिलीज के पहले ही दिन ये कमाल कर रही है और अब इसने 23वें दिन भी टिकट खिड़की पर कमाल किर दिया है।

छावा की कमाई भारत में 500 करोड़ रुपये के बार हो चुकी है और इस जादुई आंकड़ा छूने वाली ये इस साल की पहली फिल्म बन गई है।

आइए जानते हैं फिल्म अब तक देश में कुल कितनी कमाई कर चुकी है।


सैकनिल्क के मुताबिक, 8.75 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ चौथे हफ्ते की शुरुआत करने के बाद छावा ने चौथे शनिवार को जबरदस्त कारोबार किया है। फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

इसी के साथ भारत में फिल्म की कुल कमाई 508.8 करोड़ हो गई है। छावा 500 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली 2025 की पहली फिल्म बन गई है।

फिल्म ने 22वें दिन 8.75 करोड़ रुपये कमाए थे। 23वें दिन इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया।

फिल्म को मिल रही इस जबरदस्त प्रतिक्रिया पर विक्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, आपके अपार प्यार के लिए धन्यवाद।

# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का नया गाना घर जारी, 14 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म



अभिनेता जॉन अब्राहम काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान शिवम नायर ने संभाली है।

यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने द डिप्लोमैट का नया गाना घर जारी कर दिया है।

इस गाने को वरुण जैन, रोमी और अनुराग सैकिया ने मिलकर गाया है। कौसर मुनीर ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे।जॉन के अलावा इस फिल्म में सादिया खतीब, रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे हैं।

# भारत के एडिसन जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है।

अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है।

जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है।

फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है।

मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं।

# शॉपिंग के दौरान इन चीजों का रखें ध्यान, वरना बिगाड़ सकता है आपका बजट

शॉपिंग का शौक हर किसी को होता है, ऐसे में कई बार हम बाजार या दुकान से आंख मूंदकर ढेर सारा सामान घर ले आते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल कम होता है. साथ ही यह हमारा बजट भी बिगाड़ देता है. लेकिन कम पैसों में और सही तरीके से शॉपिंग कैसे की जाए, यह हर किसी को जानना बहुत जरूरी है. आइए हम आपको इस लेख में बताते हैं कि शॉपिंग करते समय आपको किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए.



### खरीदारी में जल्दबाजी न करें

हम ज़्यादातर खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, जिससे हमें कुछ ज़रूरी चीज़ों पर छूट मिल जाती है और कुछ बेकार की चीज़ें घर पर आ जाती हैं, जिससे समय और पैसे दोनों बर्बाद होते हैं. इसलिए शॉपिंग करने से पहले ही लिस्ट बना लें और उसके बाद ही खरीदारी करें.

### शॉपिंग करने से पहले चेक करें अलमारी

जब भी आप खरीदारी के लिए बाहर जाएं तो आप सिर्फ वही चीजें खरीदें जिनकी आपको जरूरत है. अगर आप दुपट्टा खरीदने जा रही हैं तो एक बार अपनी अलमारी जरूर चेक कर लें. एक जैसे रंग-बिरंगे और मिलते-जुलते दुपट्टे न खरीदें.

### कपड़ों की सही पहचान करें

कपड़ों की खरीदारी करते समय मौसम की पसंद आदि का ध्यान रखें ताकि आप भ्रमित न हों और सही कपड़ों की पहचान भी कर सकें. सूती कपड़ों का रंग धोने के बाद बदल सकता है, इसलिए उन्हें खरीदने से पहले दुकानदार से पूछ लें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका रंग फीका न पड़े. ये शॉपिंग टिप्स आपको कम समय में बेहतर चीज खरीदने में मदद कर सकते हैं. इसके अलावा दुकानदार से पक्का बिल लेना बिल्कुल ना भूलें.

००

# टाई बांधने में होती हैं दिक्कत, तो अपनाएं ये आसान टिप्स



इन दिनों फॉर्मल कपड़ों का दौर काफी ज्यादा चल रहा है. जिसमें टाई इन्हीं कपड़ों का हिस्सा है. वो टाई जो होती तो छोटी सी है लेकिन पूरे लुक को बिलकुल बदल कर रख देती है. आज भी ज्यादातर लोग इसकी नॉट बनाना नहीं जानते हैं. वो या तो किसी से बंधवा कर टाई पहले से तैयार करवा लेते हैं या फिर हर रोज किसी के सामने खड़े होते हैं कि 'जरा टाई की नॉट बांध दो' काफी ज्यादा अजीब लगता है.

### फॉलों करें ये आसान टिप्स

टाई बांधने के लिए आपको सबसे पहले टाई के चौड़े हिस्से को दाईं ओर करना होगा और पतले हिस्से को बाईं ओर करना होगा. जरुरी नहीं है कि आप यही पोजीशन बनाए, अगर आप बांए हाथ से ज्यादा काम करते हैं तो ये पोजीशन बदल भी सकते है.

चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर ले आइए. अब इसमें तीन हिस्से बन जाएंगे, बायां, दायां और बीच का चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर लाते हुए इसे कॉलर के करीब रखिए, लेकिन ध्यान रहे कि टाई ट्विस्ट बिल्कुल ना हो.

चौड़े हिस्से के नीचे वाले भाग को पतले हिस्से के नीचे वाले भाग की ओर लाएं. टाई की पोजीशन बिगड़नी नहीं चाहिए और न ही ये ट्विस्ट हो इस बात का ध्यान रखें.

अब पिछले दो स्टेप को दोहराएं. पहले चौड़े हिस्से को ऊपर और फिर पतले हिस्से के नीचे लाएं. आप चौड़े हिस्से के निचले भाग को पतले हिस्से के निचले भाग पर लपेट दें. ऐसे दो बार करें. चौड़े हिस्से को नॉट के नीचे से बीच में लाएं. इसे अपनी गर्दन और नॉट में बने गैप के बीच से बाहर निकालें. इसको बाहर लाते हुए पतले वाले हिस्से को भी पकड़ कर रखें, ताकि नॉट टाइट रहे ढीली न हो.अब चौड़े हिस्से को सामने के लूप से नीचे लाएं. इसे टाई के सबसे ऊपर वाले क्रॉस के ठीक नीचे रखें. इससे सही जगह पहचानने और टक करने में आसानी होगी.एक हाथ का इस्तेमाल करके पतले हिस्से को नीचे लाएं. दूसरे हिस्से से नॉट को ऊपर ले जाएं. ये कॉलर के बीच में आ जाएगी. टाई को तब तक खींचें, जब तक ये कॉलर के ऊपर टाइट न हो जाए.अब टाई बंध गई है लेकिन ध्यान रहें कि टाई ऐसी जगह पर बांधें कि सबसे ऊपर वाला बटन नजर ही न आए. अब कॉलर को नीचे कर लें.

# कनाडा के नए PM के तीखे तेवर, ट्रंप को दी चुनौती, कहा - हॉकी की तरह, व्यापार में भी जीतेंगे

ओटावा (ए)। मार्क कार्नी कनाडा के प्रधानमंत्री पद की दौड़ जीत ली है। वह जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। कार्नी ऐसे समय में देश की कमान संभालेंगे जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओटावा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा हुआ है। कनाडा के केन्द्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैण्ड के पूर्व गवर्नर ने रविवार को लिबरल पार्टी के नेतृत्व की प्रतियोगिता में तीन प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों से हराया। कार्नी ने अब तक किसी भी निर्वाचित पद पर कार्य नहीं किया है।कार्नी आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 59 वर्षीय कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान ज्यादातर समय ट्रंप पर हमला बोला। उन्होंने कहा, अमेरिकियों को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। हॉकी की तरह, व्यापार में भी, कनाडा जीतेगा। बता दें यूएस प्रेसिडेंट लंबे समय से कनाडा को लेकर हमलावर रहे हैं। वह कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता चुके हैं और इसके प्रधानमंत्री को राज्य का गवर्नर।ट्रंप ने ओटावा को अपनी इच्छा के अनुरूप झुकाने के लिए कनाडा से आयातित




उत्पादों पर 25 टैरिफ लगाए, हालांकि फिर उन्होंने इनमें से कुछ पर रोक भी लगा दी। कनाडा ने भी जवाबी टैरिफ लगाए। ट्रूडो ने अपने अमेरिकी समकक्ष पर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। कार्नी ने अपने विजय भाषण में कहा कि ट्रंप 'कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।कार्नी के मुताबिक उनकी सरकार अमेरिकी आयातों पर टैरिफ तब तक जारी रखेगी 'जब तक अमेरिकी हमें सम्मान नहीं देते। कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रंप के दावे के जवाब में, कार्नी ने कहा, कनाडा कभी भी किसी भी तरह से, अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, अमेरिकी हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारी ज़मीन, हमारा देश चाहते हैं। उन्होंने कहा, ये काले दिन हैं, एक ऐसे देश की ओर से थोपे गए काले दिन जिस पर हम अब भरोसा नहीं कर सकते। लिबरल नेतृत्व की दौड़ जनवरी में शुरू हुई थी जब ट्रूडो ने लगभग एक दशक तक पद पर रहने के बाद इस्तीफा दे दिया था। मतदाताओं के बीच गहरी अलोकप्रियता के कारण उन पर पद छोड़ने का बेहद दबाव था। लोग आवास संकट और बढ़ती कॉस्ट ऑफ लीविंग से निराश थे। ट्रूडो ने रविवार को अपनी लिबरल पार्टी को विदाई संबोधन के दौरान चेतावनी दी कि कनाडा को संयुक्त राज्य अमेरिका से अस्तित्व संबंधी चुनौती और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## भूकंप के झटको से हिल गया अफगानिस्तान हिंदुकुश क्षेत्र में 10 किमी नीचे था केंद्र

काबुल(ए)। सोमवार को अफगानिस्तान भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मैग्नीट्यूड रही, लेकिन भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था, जिससे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि जमीन में गहराई में आने वाले भूकंपों की तुलना में सतह पर ऊपर आने वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऊपरी सतह में आने वाले भूकंपों में ऊर्जा ज्यादा निकलती है, जिससे जमीन पर मौजूद संरचनाओं को नुकसान ज्यादा होता है। फिलहाल अफगानिस्तान में आए भूकंप में नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 8 मार्च को पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 4.2 थी और इसमें भी कोई नुकसान नहीं हुआ था।

## नौ देशों के पास 12000 एटम बम

न्यूयॉर्क (ए)। फेडरेशन ऑफ़ अमेरिकन साइंटिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार नौ देशों के पास 12000 से अधिक एटम बम है। जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं। उसके बाद घातक हथियारों को



लेकर सारे देश एक दूसरे के बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं। यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ,तो किस तरह के हालात होंगे।सबसे ज्यादा एटम बम का हथियार रूस के पास है। रूस के पास 5044, अमेरिका के पास 500 चीन के पास 290 फ्रांस के पास 225 ब्रिटेन के पास 172 भारत के पास 170 पाकिस्तान के पास 90 इजरायल और उत्तर कोरिया के पास 50-50 एटम बम अधिकृत रूप से स्टोर में रखे होना बताया गया है। रूस ने 1710 और अमेरिका ने 1670 फ्रांस ने 290 परमाणु हथियारों को पहले से ही तैनात करके रखा है। भारत-पाकिस्तान और उत्तर कोरिया ने एटमी हथियार तैयार कर स्टोर में रखे हुए हैं। अभी तक उनकी कोई तेनाती नहीं है। पिछले 2 महीने में से जिस तरह की स्थितियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रही हैं। उससे सारी दुनिया के देशों में तनाव बढ़ गया है।

## चाबहार पोर्ट के करीब पहुंच रहे ईरान, चीन और रुस के बेड़े

### ओमान की खाडी में होने जा रहा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

चाबहार,(ए)। ईरान का चाबहार पोर्ट भारत के लिए खास है। भारत इस ईरानी पोर्ट को अपने रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिए विकसित कर रहा है। चाबहार पोर्ट इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस पोर्ट के पास ही ओमान की खाड़ी में एक अहम संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होने जा रहा है। इस अभ्यास में चीन, ईरान और रूस के नौसेना समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

यह अभ्यास ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ 'मैक्सिमम प्रेशर' की धमकी दी है और चीन पर ईरान और उत्तर कोरिया को मदद देने के आरोपों के साथ नए प्रतिबंध लगाने की बात कही है। इस परिस्थिति में, चीन, रूस और ईरान के बीच हो रहे इस अभ्यास को लेकर वैश्विक रणनीतिक विश्लेषकों की चिंता जताई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ईरान आखिर चीन और रूस के साथ मिलकर क्या रणनीति बना रहा है?चाबहार पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ और भारतीय महासागर के बीच स्थित है। यह एक समुद्री रास्ता है, जो कच्चे तेल की शिपिंग के लिए अहम है। इस लिहाज से, इस क्षेत्र में चीन, रूस और ईरान का सैन्य समागम वैश्विक सुरक्षा के संदर्भ में एक नई रणनीति का संकेत हो सकता है। चीन ने इस अभ्यास के लिए अपनी नौसेना के 47वें एस्कॉर्ट टास्क ग्रुप से बाओटौ नामक विध्वंसक और गाओयूहू नामक आपूर्ति जहाज भेजने का फैसला लिया है। बाओटौ एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जबकि गाओयूहू आपूर्ति जहाज है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने इस अभ्यास के उद्देश्य को ऊर्जा शिपिंग मार्गों की सुरक्षा में मदद करना बताया है, जो खाड़ी के अहम जलमार्गों के लिए जरूरी है।यह अभ्यास चीन, रूस और ईरान के बीच सैन्य सहयोग और आपसी विश्वास को और गहरा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास 2019 के बाद इन देशों के बीच पांचवां संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होगा, जो उनके बीच बढ़ते सैन्य संबंधों को दर्शाता है। हालांकि, इस अभ्यास में ईरान ने अभी तक अपनी नौसेना के कौन से जहाज भेजेगा, इस बारे में कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन यह संभावना है कि शाहिद भगेरी ड्रोन कैरियर इस अंतरराष्ट्रीय अभ्यास में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

## पाकिस्तान में अफगानी लोगों के कैंप में बड़ा हादसा, घर की छत गिरने से बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

कराची (ए)। रविवार को कराची के बाहरी इलाके में एक अफगान शिविर में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक घर की छत गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की जान चली गई। एआरवाई न्यूज ने बताया कि यह त्रासदी गुलशन-ए-



मयमार इलाके के जंजाल गोथ अफगान कैंप में तड़के सुबह हुई। पुलिस के अनुसार, इस दुखद घटना में चार लोग घायल भी हुए हैं।पीड़ित परिवार, जो खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू का रहने वाला था, उस समय अपने घर में था जब छत अचानक गिर गई। अधिकारी वर्तमान में छत गिरने के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।यह दुखद घटना ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिकों के लिए एक सख्त समय सीमा जारी की है। शनिवार को, पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने घोषणा की कि अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च, 2025 तक देश छोड़ना होगा। मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि 1 अप्रैल से अफगान नागरिकों का निर्वासन शुरू हो जाएगा।गृह मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है,अवैध विदेशियों के प्रत्यावर्तन कार्यक्रम (आईएफआरपी) को 1 नवंबर, 2023 से लागू किया गया है। सभी अवैध विदेशियों को वापस भेजने के सरकार के फैसले को जारी रखते हुए, राष्ट्रीय नेतृत्व ने अब एसीसी धारकों को भी वापस भेजने का फैसला किया है।

## अंतरिक्ष में फट रहे एलन मस्क के सैटेलाइट दुनिया के लिए खतरा, वैज्ञानिकों ने जारी की चेतावनी



नई दिल्ली(ए)। एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी द्वारा भेजे गए सैटेलाइट्स दुनिया के लिए खतरा बने हुए है। जिन्हें लांच करके कुदरत से खिलवाड़ किया जा रहा है। पिछले दिनों अंतरिक्ष में सैटेलाइट में विस्फोट हुआ था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन जलते सैटेलाइट्स से निकलने वाले एल्यूमिनियम ऑक्साइड कण लंबे समय तक वातावरण में रह सकते हैं और ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा बताया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब ये सेटेलाइट्स वातावरण में पुनः प्रवेश करते हैं तो इनसे निकलने वाले एल्युमिनियम ऑक्साइड के कण ऊपरी वायुमंडल यानी समताप मंडल में जाकर बस जाते हैं। यह वही परत है जो पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। शोध के अनुसार यह एल्युमिनियम ऑक्साइड ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक इस समय अंतरिक्ष में 28,000 से अधिक वस्तुएं मौजूद हैं जिनमें अधिकांश निम्न पृथ्वी कक्षा में हैं। स्पेसएक्स अब तक लगभग 8000 स्टारलिंक सेटेलाइट्स लॉन्च कर चुका है और इसे 12,000 और भेजने की अनुमति मिली हुई है। वहीं अन्य कंपनियां भी हजारों सेटेलाइट्स लॉन्च करने की योजना बना रही हैं। जिससे भविष्य में यह समस्या और गंभीर हो सकती है।दरअसल, जब सेटेलाइट्स वातावरण में फिर से प्रवेश करते हैं तो वे लगभग 27,000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा करते हैं। इस दौरान अत्यधिक घर्षण के कारण वे तुरंत जल जाते हैं और इनके धातु वाष्पीकृत हो जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार जलने की इस प्रक्रिया में सेटेलाइट्स का 40प्रतिशत एल्युमिनियम ऑक्साइड में बदल जाता है। रिसर्च के मुताबिक एक स्टारलिंक सेटेलाइट औसतन 250 किलोग्राम का होता है और उसके जलने से लगभग 30 किलोग्राम एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्पन्न होता है जो महीनों से लेकर वर्षों तक वातावरण में बना रह सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 2016 से 2022 के बीच एल्युमिनियम ऑक्साइड कणों की मात्रा आठ गुना बढ़ गई है। यदि सेटेलाइट्स इसी गति से लॉन्च होते रहे तो 2050 तक यह मात्रा 646 प्रतिशत तक बढ़ सकती है जिससे ओजोन परत को अपूरणीय क्षति हो सकती है।

# खेल समाचार

## चैंपियंस ट्रॉफी की बेस्ट टीम से रोहित शर्मा ही बाहर,ICC ने इस स्टार को बनाया कप्तान




दुबई (ए) । भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 12 साल बाद शानदार जीत दर्ज की, लेकिन टूर्नामेंट के समापन के बाद आईसीसी द्वारा घोषित 'टूर्नामेंट की बेस्ट टीम' में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जगह नहीं मिलने से क्रिकेट जगत में हलचल मच गई है। रोहित शर्मा, जिन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार 76 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, को टीम में शामिल न करने के आईसीसी के फैसले पर कई सवाल उठ रहे हैं।फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत की जीत के हीरो रहे रोहित शर्मा को टूर्नामेंट की टीम में जगह न मिलना वास्तव में चौंकाने वाला फैसला है। फाइनल मुकाबले में रोहित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया था, लेकिन आईसीसी की 12 सदस्यीय टीम में उन्हें कहीं भी स्थान नहीं मिला।

### रोहित शर्मा को क्यों नहीं मिली जगह?

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025: टूर्नामेंट की टीम**

मिचेल सेंटनर (कप्तान), रचिन रवींद्र, इब्राहिम जादरान
विराट कोहली, श्रेयस अय्यर ,केएल राहुल (विकेटकीपर)
ग्लेन फिलिप्स , अज़्मतुल्लाह ओमरजाई , मैट हैनरी
मोहम्मद शमी , वरुण चक्रवर्ती ,अक्षर पटेल (12वें खिलाड़ी)

आईसीसी के अनुसार, रोहित शर्मा को टूर्नामेंट टीम में शामिल न करने का मुख्य कारण टूर्नामेंट में उनका समग्र प्रदर्शन रहा। फाइनल से पहले रोहित का बल्ला अपेक्षाकृत शांत रहा था और उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 180 रन बनाए थे। ओपनर के तौर पर, उनके स्थान पर टीम में जगह बनाना मुश्किल था क्योंकि टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले रचिन रवींद्र और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया।

### भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

हालांकि रोहित शर्मा को जगह नहीं मिली, लेकिन आईसीसी की 'टूर्नामेंट की टीम' में चैंपियन भारत के 6 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। बल्लेबाजी लाइनअप में विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को मध्यक्रम में जगह मिली है। गेंदबाजी विभाग में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शामिल किया गया है। ऑलराउंडर अक्षर पटेल को 12वें खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह मिली है।

### मिचेल सेंटनर बने टीम के कप्तान

आईसीसी ने न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर को 'टूर्नामेंट की टीम' का कप्तान चुना है। सेंटनर ने न केवल अपनी टीम का बेहतरीन नेतृत्व किया, बल्कि गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट झटके और विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर रहे।

### चैम्पियंस ट्रॉफी

## अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा

दुबई (ए)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था। वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है।

## संन्यास की खबरों पर रवींद्र जडेजा ने तोड़ी चुप्पी, इंस्टा स्टोरी पर फैंस से कही ये बात




नई दिल्ली (ए) । दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भारत की शानदार जीत के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया है। जीत के तुरंत बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ जडेजा के संन्यास की खबरें सोशल मीडिया पर फैल गई थीं, हालांकि रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले ही साफ कर दिया था कि वे अभी संन्यास नहीं ले रहे हैं।

रवींद्र जडेजा ने सोमवार को इन अफवाहों पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक संक्षिप्त संदेश साझा करते हुए प्रशंसकों से इन अटकलों पर ध्यान न देने का आग्रह किया। जडेजा ने लिखा, कोई भी अनावश्यक अफवाह ना फैलाएं, शुक्रिया।

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रवींद्र जडेजा ने गेंद और बल्ले दोनों से महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने गेंदबाजी में 30 रन देकर एक विकेट लिया और फिर बल्लेबाजी में नाबाद 9 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई, जिसमें उन्होंने विनिंग शॉट भी लगाया।भारत के लिए 80 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके जडेजा ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।चैंपियंस ट्रॉफी की जीत के बाद जडेजा ने अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि उनकी बल्लेबाजी क्रम ऐसा है कि वे या तो हीरो बनते हैं या जीरो। उन्होंने केएल राहुल और हार्दिक पांड्या की साझेदारी की प्रशंसा की और बताया कि यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था। जडेजा ने भारत के लिए खेलने और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वे फिट रहे और 2024 टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का हिस्सा बने।रवींद्र जडेजा के इस स्पष्टीकरण के बाद उनके संन्यास को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लग गया है और प्रशंसक राहत की सांस ले सकते हैं।

## खिताबी जीत के बाद विराट ने शमी की मां के छुए पैर

दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और पूरी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद खुशी मनाती दिखी। इसी बीच के एक भावुक पल का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है। इसमें विराट तेज गेंदबाज



मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा के पैर छूते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो पुरस्कार वितरण समारोह के बाद का है। विराट ने अपनी इस विनम्रता से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल भी जीत लिया। विराट हालांकि फाइनल में रन नहीं बना पाये पर भारतीय टीम की जीत में उनका अहम योगदान रहा। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जहां शतक लगाया था। वहीं सेमीफाइनल में अर्धशतक लगाया था।टीम इंडिया ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, और यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया, और कोहली का शमी की मां के प्रति सम्मान दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट टीम में खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि एक दूसरे के परिवार के प्रति भी बेहद सम्मान की भावना रखते हैं। इस जीत के बाद भारत के क्रिकेटप्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

## क्रिकेटर मनीष पांडे और अभिनेत्री आश्रिता के बीच दूरिया बढ़ीं

मुम्बई (ए)। क्रिकेटर मनीष पांडे और उनकी पत्नी तमिल अभिनेत्री आश्रिता शेट्टी के बीच लगता है सबकुल ठीक नहीं चल रहा। इसी कारण दोनो ने एक दूसरे को सोशल मीडिया से भी अनफॉलो कर दिया है। दोनो ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया अकाउंट्स



से हटा दी हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसर दोनों की शादी टूटने के करीब हैं हालांकि अभी तक दोनो में से किसी ने भी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। मनीष ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 68 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, और आश्रिता तमिल फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री रही हैं। दोनो की ही शादी साल 2019 में हुई थी। शादी के बाद से ही आश्रिता फिल्मों से दूर रहीं, जबकि मनीष का क्रिकेट करियर भी कुछ खास नहीं रहा।मनीष ने पिछले 37 हफ्तों से कोई पोस्ट नहीं किया है, जबकि आश्रिता ने अपनी छुट्टियों की जो तस्वीरें पोस्ट की है उनमें वह परेशान ही नजर आयी हैं। सूत्रों के अनुसार, मनीष और आश्रिता को लंबे समय से किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक साथ नहीं देखा गया है।

## इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने तोड़ा IPL का बड़ा नियम, दो साल के प्रतिबंध का छाया खतरा

नई दिल्ली (ए)। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर लिया है, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट में खेलने पर 2 साल का प्रतिबंध लग सकता है। लगातार दूसरे सीजन में इंग्लैंड के 26 वर्षीय खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने आईपीएल से खुद को अनुपलब्ध बताया है। इस फैसले के लिए उन्होंने फ्रेंचाइजी और प्रशंसकों से माफी मांगी है। हैरी ब्रूक ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने आईपीएल के आगामी सीजन से हटने का "बहुत मुश्किल फैसला लिया है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से "बिना शर्त माफी" मांगी है, यह कहते हुए कि यह "इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय" है और वह आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए "पूरी तरह से प्रतिबद्ध" होना चाहते हैं।ब्रूक ने आगे कहा कि उन्हें अपने "अब तक के करियर के सबसे व्यस्त दौर" के बाद तरोताजा होने के लिए समय की आवश्यकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि "हर कोई इसे नहीं समझेगा", लेकिन "अपने देश के लिए खेलना" उनकी प्राथमिकता है और उनका "पूरा ध्यान" उसी पर केंद्रित है।यह ध्यान देने योग्य है कि हैरी ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण पिछले आईपीएल सीजन से भी नाम वापस ले लिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आईपीएल नियमों के अनुसार, यदि कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद, बिना फिटनेस कारणों के, टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है, तो उस खिलाड़ी को आईपीएल में खेलने से दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# किसानों के हित में नर्मदा और तवा के संगम स्थल पर हुआ चिंतन मंथन

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में दिवस बसेरा पर हुआ। दो दिन तक क्षेत्र के प्रदेश के तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों के बीच किसान हितों को लेकर चिंतन मंथन हुआ। जिसका समापन सोमवार को विभिन्न स्थानों से आए हुए किसानों को दायित्व पत्र सौंपने के साथ हुआ। प्रथम दिन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस अभ्यास वर्ग में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा कक्काजी ने प्रदेश की बैठक लेते हुए संगठन का विस्तार एवं सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए विस्तार से चर्चा की। साथ ही किसानों के साथ होने वाले छलावे के बारे में अवगत कराय। प्रशिक्षण शिविर में कुल पांच सत्र हुए। जिसमें किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कक्का जी ने कार्यकर्ताओं को विधिवत संगठन की रीति नीति कार्यपद्धति और ट्रेड यूनियन के अंतर्गत कैसे काम किया जाता है इस पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण शिविर में प्रत्येक किसान मजदूर कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया था। वर्ग में उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी नारायण खेरवा प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकजी, प्रदेश महामंत्री प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमनाथ तिवारी, मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष मनमोहन रघुवंशी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रांतीय मंत्री विनोद चौरसिया, जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश मीणा अजय दुबे बहादुर पटेल, श्रीमती गीता मीणा बहन एवं प्रदेश के सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी गण की उपस्थिति रही।

### ग्राम इकाई के गठन पर दिया जोर

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ प्रशिक्षण शिविर के समापन पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा कक्काजी ने कार्यकर्ताओं को ग्राम इकाइयों के गठन एवं ग्राम इकाई सुचारू रूप से कार्यरत हो इस पर विस्तार से बताया। श्री शर्मा ने कहा कि ग्राम इकाई ही राष्ट्र का निर्माण करती हैं। कार्यकर्ताओं ने पांच सत्रों में विचारों का आदान प्रदान किया।प्रशिक्षण में संगठन की रीति नीति के साथ आंदोलन, रैली, ज्ञापन एवं संगठन के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी गई।

### मातृ शक्ति ने दिखाया उत्साह गीता मीणा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

प्रशिक्षण वर्ग में मातृ शक्तियों ने उत्साह दिखाया। मातृ शक्तियों को भी दायित्व सौंपे गए। इसमें श्रीमती गीता मीणा को प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता मीना, श्रीमती जानकी राजपूत को संयोजिका श्रीमती प्रियंका मेहरा को ब्लॉक संयोजिका, श्रीमती बिंद्रा बाई को माखन नगर ब्लॉक संयोजिका बनाया गया। वहीं चंद्रकांत डोभाल को जिला संयोजक जगदीश लोवंशी को ब्लॉक अध्यक्ष विनोद रघुवंशी ब्लॉक उपाध्यक्ष सिवनी मालवा ओम प्रकाश मीणा कोषाध्यक्ष मोहन सिंह मीणा ब्लॉक मंत्री माखन नगरए जितेंद्र सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष अजय दुबे को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं बहादुर सिंह पटेल ब्लॉक मंत्री नर्मदापुरम अशोक मौर्य ब्लॉक उपाध्यक्ष पिपरिया भवानी कुशवाहा सहसंयोजक ब्लॉक पिपरिया केसरी सिंह पटेल को संभाग उपाध्यक्ष और दयाराम फौजदार को विकासखंड मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस दौरान महासंघ में 30 नियुक्तियां कर संगठन परिवार का विस्तार किया गया। सभी को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए।

## ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय कार्यालयों में 31 मार्च 2025 से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ई दक्ष केंद्र नर्मदापुरम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 03 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च 2025 तक विभागवार संचालित होगा। डी.आई.ओ. एन.आई.सी. मनीष गुणवान एवं जिला प्रबंधक ईगवर्नेंस संदीप चौरसिया द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय व उपयोग, दस्तावेज तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संदीप चौरसिया ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

# भाजपा कार्यकर्ता स्वाभिमानी और राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रतीक : जामवाल

## भाजपा जनप्रतिनिधियों की बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने दी अनेक जानकारियां

नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा संभाग के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने संभाग से आए जनप्रतिनिधियों से उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को हमेशा सकारात्मक स्वच्छता एवं सुचिता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप हमारे मूल एवं जमीनी नेता हैं पार्टी को आप सभी पर गर्व है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि हमें इन योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा। साथ ही 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु निरंतर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया।उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जनहितैषी कार्यों से जनता का विश्वास बढ़ेगा। प्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विधायक सांसद एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से मार्गदर्शन लें और अपने विकास कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करें।


### एक देश एक चुनाव प्रस्ताव और समर्पण निधि पर की चर्चा

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि हम सभी को एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को समर्थन देना चाहिए और इसे राष्ट्रपति को भेजना चाहिए। उन्होंने भाजपा के समर्पण निधि अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सक्रिय कार्यकर्ताओं तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना की जानकारी दी। संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने स्वागत भाषण में कहा कि संभाग के जनप्रतिनिधि विकास के सराहनीय कार्य कर रहे हैं जिससे जनता का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। संचालन इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने बताया कि बैठक में नर्मदापुरम बैतूल एवं हरदा के भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला सुधाकर पंवार राजेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष नपाध्यक्ष. उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जप्त मिलावटी मावा किया गया नष्ट

नर्मदापुरम (निप्र)। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोहागपुर और नर्मदापुरम में मिलावटी मावा पर कार्यवाही की। कार्यवाही में सोहागपुर मेन रोड से 5.30 क्विंटल और बस स्टैंड नर्मदापुरम से 03 क्विंटल संभावित मिलावटी मावा जप्त किया गया।जप्त मावे को कोल्ड स्टोरेज में रखा गया और नियम अनुसार नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला को जांच हेतु भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिउत्तर या दावा प्रस्तुत नहीं किया।इसके बाद, प्रशासन ने लोकहित में नियम अनुसार जप्त मावे को नष्ट कर दिया। इस कार्यवाही को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने नगर पालिका नर्मदापुरम के कर्मचारियों और गवाहों की उपस्थिति में करवाया।

# केंद्रीय जेल में बन्दियों के लिए कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्रारंभ



नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्रीय जेल मे बंदियों को एक माह का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पुन: शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम का चयन कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के द्वारा किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 मार्च से प्रारम्भ होकर 09 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम के प्राचार्य डॉ पीसी नरवरे ने जानकारी देते हुए बताया की प्रशिक्षण के उपरांत बन्दियो को सर्टिफिकेट जेल विभाग के द्वारा प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय जेल मे बंदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष. देवेश तिवारी एमओएम विभाग के विभागाध्यक्ष. आर आरआर चन्द्राकर व्याख्याता, अजय चंडाले, लैब सहायक सुशील यादव एवं महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ पीसी नरवरे प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## सिक्युरिटी गार्ड एवं सुपरवाईजर हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित किए जाएंगे रोजगार कैम्प

नर्मदापुरम (निप्र)। कमॉडेंट कार्यालय नीमच द्वारा नर्मदापुरम जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सिक्युरिटी गार्ड एवं सुपरवाईजर के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किए जाएंगे। ये कैम्प जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नर्मदापुरम वि.ख. की जनपद पंचायत में 11 मार्च 2025 को, माखननगर वि.ख. की जनपद पंचायत में 12 मार्च 2025 को, केसला वि.ख. की जनपद पंचायत में 17 मार्च 2025 को, सोहागपुर वि.ख. की जनपद पंचायत में 18 मार्च 2025 को, सिवनीमालवा वि.ख. की जनपद पंचायत में 20 मार्च 2025 को, पिपरिया वि.ख. की जनपद पंचायत में 21 मार्च 2025 को एवं बनखेड़ी वि.ख. की जनपद पंचायत में 22 मार्च 2025 को को रोजगार कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उक्त सभी रोजगार कैम्पों का आयोजन प्रात: 11 बजे से 04 बजे तक किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सौजान सिंह रावत ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि वे उक्त रोजगार कैम्पों संबंधी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



## वार्ड 6 के पार्क में हो रहा सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण बन रहा बाधक

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका के द्वारा शहर के पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पार्क की दीवारों की पुताई के साथ ही उसमें पेंटर के माध्यम से चित्रकारी की जा रही है। जिससे पार्क के अंदर और बाहर का आकर्षण बढ़ सकें। वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद राजेंद्र उपाध्याय की सक्रियता से सौंदर्यीकरण तो अच्छा हो रहा है लेकिन पार्क की दीवारों से सटकर जो अतिक्रमण हुआ है उससे सौंदर्यीकरण दब रहा है। अतिक्रमण सौंदर्यीकरण में बाधक बन रहा है। जिससे नपा की राशि का दुरूपयोग हो रहा है। यदि नपा के द्वारा दीवरों के पास से अतिक्रमण हटा दिया जाए तो सौंदर्यीकरण सही मानने में हो सकेगा। पार्क भी दूर से नजर आएगा।

## 245 सप्ताह से जुटी हुई है जय हो समिति नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान में

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा सेठानी घाट पर स्वच्छता अभियान का 245 वां सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने घाट की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। समिति के सदस्यों ने घाट से प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट सामग्री हटाई। लोगों को नर्मदा को स्वच्छ रखने के महत्व के बारे में बताया गया।समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा हमारा उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है ताकि वे माँ नर्मदा को प्रदूषित करने से बचें। हम आगामी सप्ताहों में भी इस सेवा कार्य को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी नागरिकों से इसमें भाग लेने की अपील करते हैं। जय हो समिति सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे नर्मदा को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। घाटों पर कचरा न फैलाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अजय बावरिया पीयूष कहार सौरव वर्मा संजु प्रजापति विकास गुप्ता सुजीत कैथवास कौशिक बावरिया राजा मालवीय अंकित सागर दीपक कलोसिया सागर पटेल राजेश वर्मा विशाल बावरिया अनुराग वर्मा हरिओम यादव प्रथम बावरिया आयुष वर्मा उपस्थित रहे।



## नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 06 में सात सड़कों और नालियों का भूमि पूजन

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में विकास के पथ पर नर्मदापुरम् सतत गति से दौड़ रहा है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा वार्ड 06 में सात सड़कों और नालियों का भूमि पूजन किया गया। सड़कों के भूमि पूजन के उपरांत सभी ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सड़कों और नालियों के भूमि पूजन किया से पहले अमर चौक स्थित मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव वार्ड पार्षद राजेंद्र उपाध्याय उपयंत्री महेंद्र तोमर, एआरआई सुनील अवस्थी, अजय उपाध्याय, दीपक मखीजा, भूपेंद्र राठौर राकेश वर्मा राहुल सराठे टीकाराम असरेट वीरेंद्र ठाकुर कल्लू रायचंदानी प्रकाश राठौर प्रकाश गुप्ता प्रकाश अरोरा राजिक खान नितेश वर्मा मिंटू मालवीय अनिल गुप्ता बिट्टू असरेट रामसिंह आनंद केवट लक्ष्मीनारायण शर्मा रंजीत असरेट एवं वार्ड वासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया।

## माछा में हुआ भू-अधिकार पत्रों का वितरण

*नर्मदापुरम (निप्र)। ग्राम माछा में स्वामित्व योजनांतर्गत पट्टों का वितरण कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीपप्रज्वलन एंव कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम माछा में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया गया। यह योजना ग्रामीण जनों को उनके स्वामित्व के अधिकार प्रदान कर आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान होशंगाबाद नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया पूर्व विधायक सविता दीवान सुरेश पटेल आकाश रघुवंशी विनीत भार्गव प्रदीप पटेल अश्विनी सरोज यशवंत भगवान सिंह सहित जनप्रतिनिधि गणमान्य जनता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

!! कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम (म.प्र.)!!

ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26

Email_hbdjail40@gmail.com

Email jscjhbd@mp.gov.in

दूरभाष क्रमांक 07574-252428

ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रणी)

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत (फार्म (अ) नियम 6 देखिये)

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि- केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम, में परिरूद्ध बंदियों के लिये सब्जियां क्रय हेतु वार्षिक निविदायें द्वितीय ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बेवसाइट http//www.mptender.gov.in पर दिनांक 01.04.2025 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल की बेवसाइट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य शर्तो से संबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर ही देखी जा सकेगी।


जी/24082/24

अधीक्षक,
केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## मांग अनुसार श्रेणी के तहत नरवाई प्रबंधन यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित : सहायक कृषि यंत्री पवारखेडा

नर्मदापुरम (निप्र)। सहायक कृषि यंत्री पवारखेडा नर्मदापुरम ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मांग अनुसार श्रेणी के तहत नरवाई प्रबंधन यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस श्रेणी में हैप्पी सीडर नामक कृषि यंत्र को शामिल किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 2,05,000 रुपये है और 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 78,500 रुपये तक का लाभ उठाया जा सकता है।हैप्पी सीडर के लाभों में फसल कटाई के बाद तत्काल बिना जुताई अगली फसल की बुआई करने की क्षमता, फसल अवशेषों को जलाने की कुप्रथा को हतोत्साहित करना, और संरक्षित कृषि पद्धति के कारण समय, श्रम, लागत और सिंचाई जल में उल्लेखनीय बचत करना शामिल है।इच्छुक कृषक निर्धारित धरोहर राशि 4,500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट संबंधित सहायक कृषि यंत्री के नाम बनवाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में लॉटरी नहीं की जाएगी और उपलब्ध बजट के आधार पर आवेदनों को अनुमोदित किया जाएगा।



# महिला दिवस पर मधुबन अस्पताल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## महिलाओं से संबंधित उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की




नर्मदापुरम। बुधनी (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख श्रीमती मधु गुप्ता के निर्देशन में मधुबन अस्पताल बुधनी द्वारा ग्राम पाताल खो में नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पाताल खो के साथ ही आस.पास के गांव जैसे महूकला छ: घरा के लोग भी शामिल थे शिविर में उपस्थित लोगों का नि:शुल्क जांच कर दवाईयां वितरीत की गई। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, शिविर में स्त्री रोग, मेडिसिन रोग, जनरल सर्जन, एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण संबंधी एवं दैनिक दिनचर्या के बारे में परामर्श दिए। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों के लिए विशेष परामर्श जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए एवं उन्हें उपहार स्वरूप महिलाओं से संबंधित उपयोगी सामग्री वितरित की गई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के शिविर भविष्य में भी ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें। इस पहल में 300 से अधिक महिलाओं ने स्वास्थ्य लाभ उठाया और स्थानीय निवासियों ने अस्पताल के इस प्रयास की सराहना की। अंत में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित जांच कराने की सलाह दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-01, नर्मदापुरम (म.प्र.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा सूचना क्र0 02/2025/e-Tender/N.Puram दि0 06/03/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_407569 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | 13 एम0पी0एन0सी0सी0 परिसर नर्मदापुरम में जल आपूर्ति लाईन उपलब्ध कराना और बिछाने का कार्य। | चतुर्थ | 3.05 | 6100/- |
| 2 | 2025_PWDRB_407572 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत पाटनी में मंगल भवन का निर्माण। (विधायक निधि) | द्वितीय | 4.22 | 8440/- |
| 3 | 2025_PWDRB_407573 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | शासकीय जी-14 आवास गुप्ता ग्राउंड नर्मदापुरम में मरम्मत कार्य। | तृतीय | 1.68 | 3360/- |
| 4 | 2025_PWDRB_407574 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | ग्राम मारागॉव विकासखण्ड माखन नगर में कम्युनिटी हॉल के प्रथम तल पर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | प्रथम | 16.95 | 33900/- |
| | | | | योग (लाख में) | | 25.90 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18/03/2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ0 डी0 आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

जी/24069/24

कार्यपालन यंत्री
लो0नि0वि0संभाग नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com